## संक्षिप्त समाचार

### उत्तराखंड में सात लाख से अधिक किसानों के खातों में पहुंचे 174.65 करोड़ रुपये

**देहरादून, एजेंसी।** कृषि मंत्री गणेश जोशी ने बताया कि सम्मान निधि योजना के तहत राज्य के 7,36,575 किसानों के खातों में 174.65 करोड़ राशि हस्तांतरित की गई। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने बुधवार को पीएम किसान सम्मान निधि की 16वीं किस्त जारी की है। उत्तराखंड के सात लाख से अधिक किसानों के बैंक खातों में 174.65 करोड़ की राशि डीबीटी के माध्यम से ट्रांसफर की गई। कृषि मंत्री गणेश जोशी ने बताया कि सम्मान निधि योजना के तहत राज्य के 7,36,575 किसानों के खातों में 174.65 करोड़ राशि हस्तांतरित की गई। इस योजना के तहत अब तक 2570.4396 करोड़ की राशि अब तक किसानों को दी चुकी है। उन्होंने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का आभार व्यक्त किया। प्रधानमंत्री हमेशा किसानों की आय बढ़ाने और फसल का उचित दाम देने की चिंता करते हैं। राज्य सरकार किसानों की आय दोगुनी करने क लिए प्रयासरत है। सम्मान निधि योजना का उद्देश्य किसानों को वित्तीय सहायता प्रदान करना है। जिससे वे अधिक फसल उत्पादन कर अपने परिवार की आर्थिक स्थिति में सुधार ला सकें। पात्र किसानों को सालाना 6000 की वित्तीय सहायता प्रदान की जा रही है।

### देवीधूरा में सोलर पावर फेंसिंग क्षतिग्रस्त

**नैनीताल, एजेंसी।** नगर के देवीधूरा गांव में जंगली जानवरों की रोकथाम के लिए वन विभाग ने पिछले साल सोलर पावर फेंसिंग (तारबाड़) लगाई थी जो कई जगह क्षतिग्रस्त हो गई है। अब तारबाड़ में करंट नहीं होने से जंगली जानवर गांव में पहुंचकर खेती को नुकसान पहुंचा रहे हैं। वहीं तेंदुओं की दस्तक भी ग्रामीण क्षेत्र में बढ़ने लगी है। बता दें कि दो वर्ष पूर्व कालाढूंगी क्षेत्र से जमीरा होते हुए लगभग दस से ज्यादा हाथी जंगल के रास्ते देवीधूरा गांव में घुस गए थे। इसके बाद वन विभाग ने देवीधूरा में जंगली जानवरों का प्रवेश रोकने के लिए सोलर पावर फेंसिंग (तारबाड़) योजना बनाई। वर्ष 2022 में नवंबर में वन विभाग ने देवीधूरा में एक किलोमीटर क्षेत्र में तारबाड़ किया।

### ग्रामीणों का अनशन जारी, मौके पर पहुंचे नायब तहसीलदार

**ऋषिकेश, एजेंसी।** मुआवजे की मांग को लेकर धरना दे रहे कर्थ और खगल्या के लोगों का आंदोलन दूसरे दिन जारी रहा। ग्रामीणों की समस्या सुनने के लिए नरेंद्रनगर के नायब तहसीलदार मौके पर पहुंचे। लोगों ने उनसे वार्ता करने से इन्कार कर दिया। ऋषिकेश कर्णप्रयाग ब्रॉडगेज रेल लाइन निर्माण के दौरान कर्थ और खगल्या के करीब 45 परिवारों के मकान में दरारें आ गई थीं। नौ मकान जर्जर हो गए थे। यह लोग परिवार सहित टेंट के नीचे रहने को मजबूर हैं। मुआवजे के भुगतान की मांग को लेकर ग्रामीण शिवपुरी स्थित रेल परियोजना स्थल के पास अनशन कर रहे हैं। मंगलवार को नरेंद्रनगर के नायब तहसीलदार पीतांबर सिंह रावत भी मौके पर पहुंचे। धरना दे रहे हैं ग्रामीणों ने उनकी बात सुनने से इन्कार कर दिया। वहीं स्वास्थ्य विभाग की टीम ने भी मौके पर पहुंचकर धरना दे रहे लोगों का स्वास्थ्य परीक्षण किया। धरना देने वालों में विकास रयाल, पप्पू गोपाल दिनेश मुकेश आदि उपस्थित रहे।

### किट्टी कमेटी के नाम पर दो करोड़ से अधिक की धोखाधड़ी

**ऋषिकेश, एजेंसी।** किट्टी कमेटी के नाम पर दो करोड़ से अधिक की धनराशि हड़पने के आरोप में एक एनआरआई परिवार के सात लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज हुआ है। प्रभारी निरीक्षक विनोद गुंसाई ने बताया कि मनोज मेहरोत्रा निवासी मिस्सरवाला (डोईवाला) ने कोतवाली में शिकायत दर्ज कराई है। मनोज ने बताया कि संजीव कुमार बजाज उर्फ संजय बजाज निवासी न्यू मार्किट ऋषिकेश रोड डोईवाला और उसके परिवार में पत्नी किरण बजाज, पुत्र अंकित बजाज, उसकी धर्मपत्नी, पुत्री रिद्म बजाज, भाई मंदीप बजाज और उनकी पुत्री मानसी ने किट्टी कमेटी के नाम पर अच्छे रिटर्न का प्रचार कर मासिक किश्त देने का प्रलोभन दिया। इसमें क्षेत्र के 100 से अधिक लोग उनसे जुड़े थे। 7 फरवरी को किट्टी से जुडे लोगों की बैठक हुई।

# अब नए नियमों से चलाना होगा वाहन

**नैनीताल , एजेंसी।**
मार्च की शुरुआत के साथ परिवहन विभाग के नए नियम भी लागू हो जाएंगे, जिसके बाद स्कूल बस, टैक्सी, मैक्स, ऑटो और मालवाहक वाहनों को नए नियमों के तहत चलना होगा। ऐसा न होने पर चालानी कार्रवाई की जाएगी।

मार्च की शुरुआत के साथ परिवहन विभाग के नए नियम भी लागू हो जाएंगे, जिसके बाद स्कूल बस, टैक्सी, मैक्स, ऑटो और मालवाहक वाहनों को नए नियमों के तहत चलना होगा। ऐसा न होने पर चालानी कार्रवाई की जाएगी।

परिवहन विभाग ने बीती नौ जनवरी को हुई आरटीए की बैठक में करीब 10 मुद्दों पर सहमति दी थी, जिसके बाद बीती 2 फरवरी को संभागीय परिवहन प्राधिकरण हल्द्वानी ने इस संबंध में विज्ञप्ति जारी कर एक महीने बाद इन नए नियमों को लागू किए जाने की बात कही थी। 2 मार्च को एक महीना बीतने पर परिवहन विभाग के 9 नए नियम लागू होने जा रहे हैं। इससे हल्द्वानी संभाग में पंजीकृत टैक्सी-मैक्स वाहनों को अब अपना लगेज कैरियर बदलना होगा। इसके लिए मार्च के पहले हफ्ते से परिवहन विभाग कार्रवाई शुरू करने जा रहा है। वहीं कुमाऊं संभाग के



पर्वतीय क्षेत्र में अब मालवाहक वाहन 90 क्विंटल के बजाय आरसी के अनुसार भार ले जा सकेंगे।

**पर्वतीय रूट पर नहीं जाएंगे ऑटो**

आरटीए की बैठक में हल्द्वानी संभाग में चल रहे ऑटो के लिए 16 किमी क्षेत्र के दायरे में चलने का नियम लागू किया है। अब ऑटो नैनीताल रोड पर भुजियाघाट तो रामनगर में गर्जिया मंदिर तक नहीं जाएंगे। इसके साथ ही परमिट के अनुसार शहर के केंद्र से नगर निगम, नगर पालिका सीमा के बाहर ऑटो का संचालन नहीं किया जा सकेगा। इसी तरह रुद्रपुर से किच्छा या गदरपुर के बीच चल रहे ऑटो भी अब नहीं चलाए जा सकेंगे।

**स्कूल बसों की होगी जांच, लगेंगे सीसीटीवी**

स्कूलों को अब स्कूल बसों में सीसीटीवी लगाना अनिवार्य होगा। संचालन के लिए ट्रांसपोर्ट मैनेजर को नियुक्त करना होगा। इसके साथ ही चालक और परिचालक का भी सत्यापन करवाना होगा। वहीं स्कूली वाहनों में बच्चों की सुरक्षा को देखते हुए बीएस-5 और बीएस 6-बसों की इलेक्ट्रिक वायरिंग की हर साल जांच करवानी होगी। दरअसल बीते साल शहर में स्कूल बसों में आग लगने की घटना के बाद परिवहन विभाग ने यह नियम लागू किया है।

कॉर्बेट पार्क की सीमा से बाहर पवलगढ़ और सीतावनी में हर साल सैकड़ों पर्यटक पहुंचते हैं। मगर यहां सफारी सुविधा नहीं थी। आरटीए बैठक में परिवहन विभाग ने पवलगढ़ और सीतावनी के लिए भी परमिट जारी करने का फैसला लिया था। इससे पर्यटक सीजन में दोनों जगह के लिए सफारी शुरू हो जाएगी।

आरटीए में मंजूर किए गए नियम मार्च के प्रथम सप्ताह से लागू हो जाएंगे। टैक्सियों में लगेज कैरियर की छूट दी गई, जिसके लिए परिवहन विभाग के प्रारुप तैयार करवाया गया है। साथ ही स्कूल बसों के परमिट नियम सहित अन्य नियम भी लागू होंगे।

हल्द्वानी। कॉमर्शियल वाहनों का रजिस्ट्रेशन कैंसिल करने पर ही टैक्स छूट का लाभ वाहन स्वामी को मिल सकेगा। इसके लिए रजिस्टर्ड स्क्रैपिंग सेंटर से प्रमाणपत्र भी लेना होगा, जिसके बाद पंजीकरण कैंसिल होगा और परिवहन विभाग में खाता बंद कर दियाजाएगा।

परिवहन विभाग में पंजीकृत कई पुराने कॉमर्शियल वाहन को टैक्स जमा करना होता है। बस का टैक्स हर महीने तो मालवाहक और टैक्सी मैक्स का टैक्स हर तीन महीने में जमा किया जाता है। मगर कई ऐसे वाहन भी हैं जो अब सड़क पर नहीं चल रहे हैं। वहीं इन वाहनों का टैक्स भी वाहन स्वामी जमा नहीं कर रहे, जिस कारण पेनाल्टी भी बढ़ रही है। साथ ही उन्होंने वाहनों का रजिस्ट्रेशन भी कैंसिल नहीं कराया है। ऐसे वाहन मालिकों के लिए शासन ने टैक्स छूट का प्रावधान किया है। मगर इसके लिए वाहन स्वामी को अपने वाहन का रजिस्टर्ड स्क्रैपिंग सेंटर से सर्टिफिकेट लाना होगा, जिसमें वाहन को स्क्रैप के लिए दिए जाने की सहमति दर्ज होगी, तभी रजिस्ट्रेशन कैंसिल होगा।

### चंद्रेश्वर महादेव मंदिर में भगवान शिव ने चंद्रमा को किया था श्राप मुक्त

**ऋषिकेश, एजेंसी।** महाशिवरात्रि पर्व पर चंद्रेश्वर महादेव मंदिर में भी शिवभक्तों की भीड़ उमड़ती है। सुबह से मंदिर में जलाभिषेक के लिए शिवभक्तों की लाइन लगती है। मान्यता है कि मंदिर में दर्शन करने से भक्तों को मनवांछित फल की प्राप्ति होती है।

चंद्रेश्वर महादेव मंदिर का पौराणिक इतिहास है। पंडित भवानी दत्त ने बताया कि स्कंद पुराण के केदारखंड में वर्णित है कि चंद्रमा को गौतम ऋषि ने कुष्ट रोग होने का श्राप दिया था। श्राप से मुक्ति पाने के लिए चंद्रदेव ने पूरे ब्रह्मांड की परिक्रमा की, लेकिन उन्हें श्राप से मुक्त नहीं मिली। फिर उसके बाद चंद्रदेव यहां आए। श्राप मुक्त होने के लिए उन्होंने यहां रहकर करीब दस दिव्य वर्षों तक तपस्या की। भगवान शिव ने उनकी तपस्या से प्रसन्न होकर उन्हें यहां दर्शन दिए और चंद्रदेव को श्राप मुक्त किया।

इसी स्थान पर भगवान शिव ने उन्हें दोबारा अपने मस्तक पर धारण किया। चंद्रेश्वर महादेव के दर्शन कर उनके कोई प्रार्थना करते हैं तो भगवान शिव उनकी मनोकामना पूरी करते हैं।

### यमुनोत्री हाईवे पर फैला मलबा दे रहा है हादसों को न्योता

**बड़कोट, एजेंसी।** चारधाम यात्रा सहित जिला मुख्यालय को जोड़ने वाले यमुनोत्री हाईवे धरासू बैंड से सिलक्यारा तक जगह-जगह मलबा पसरा है, जिससे हल्की बारिश में भी यह दलदल में तब्दील हो रहा है। यमुनोत्री हाईवे पर सिलक्यारा से धरासू बैंड तक 21 किमी सड़क पर ऑलवेदर सड़क परियोजना के तहत चौड़ीकरण कार्य वर्ष 2018 में शुरू किया गया था। चौड़ीकरण के नाम पर दस्तावेजी कार्य तो पूर्ण हो गया है, लेकिन एनएच विभाग ने अभी तक हाईवे से मलबा नहीं हटाया है। स्थानीय लोगों का कहना है कि हल्की बारिश में ही यह मलबा हाईवे पर फैल जाता है, जिससे हाईवे हर दिन हादसों को न्योता दे रहा है।

### भू-धंसाव से खस्ताहाल हो रहा खेड़ाखाल-नवासू मार्ग

**रुद्रप्रयाग, एजेंसी।** ढाई दशक पूर्व निर्मित खेड़ाखाल-नवासू मोटर मार्ग पर कोपड़ में भू-धंसाव हो रहा है, जिससे दुर्घटना का खतरा बना है। ग्राम प्रधान व ग्रामीणों ने लोक निर्माण विभाग से मार्ग के प्रभावित हिस्से की मरम्मत की मांग की है।

वर्ष 1997-98 में निर्मित दो किमी मोटर मार्ग पर खेड़ाखाल से एक किमी आगे कोपड़ में निरंतर भू-धंसाव हो रहा है। मार्ग का लगभग 200 मीटर हिस्सा निरंतर धंस रहा है। 20 मीटर हिस्सा पूरी तरह से उबड़-खाबड़ हो चुका है, जिससे छोटे वाहनों के संचालन में दिक्कत हो रही है। ग्राम प्रधान देवेश्वरी देवी रौथाण, प्रवीन नेगी, मोहित रौथाण, जयवीर रौथाण का कहना है कि लोनिवि के अधिकारियों को कई बार मार्ग की स्थिति से अवगत कराने के बाद भी सुध नहीं ली जा रही है।

### एक वन रक्षक संभाल रहे तीन-तीन बीटों की जिम्मेदारी

**ऋषिकेश, एजेंसी।** राजाजी टाइगर रिजर्व के गौहरी रेंज में वन रक्षकों की कमी चल रही है। एक वन रक्षक तीन-तीन बीटों की जिम्मेदारी संभाल रहे हैं। जिससे उन्हें बीट क्षेत्रों में गश्त करने में परेशानी हो रही हैं। हाथी बाहुल्य क्षेत्र में पेट्रोलिंग और पहाड़ी में वन कर्मचारियों को रेस्क्यू करने में भी परेशानी हो रही है। पार्क क्षेत्र के गौहरी रेंज में 13 बीट हैं। जिसमें बिजनी सेक्शन में बिजनी, मराल, माला, पलेलगांव, बिंध्यवासीनी सेक्शन में धमांद, बिंध्यवासीनी, कुनांऊ सेक्शन में कुनांऊ, खदरी, पोखरी, लक्ष्मणझूला सेक्शन में लक्ष्मणझूला, चुरानी गार्ड, तांबाखानी, मौन शामिल हैं। नियमानुसार सभी बीटों में एक-एक वन रक्षक की तैनाती होती है।

# यूपी सीमा पर चिह्नित क्रिटिकल बूथों पर विशेष निगरानी की जरूरत

**रुद्रपुर, एजेंसी।**
लोकसभा चुनाव को लेकर जिले के पुलिस, प्रशासनिक अधिकारियों और सीमा से लगे यूपी के पांच जिलों के अधिकारियों की समन्वय बैठक हुई जिसमें आपसी तालमेल बनाने, शांति व्यवस्था और सहयोग को लेकर चर्चा की गई।

एक होटल में हुई अंतरराज्यीय बैठक में जिलाधिकारी/जिला निर्वाचन अधिकारी उदयराज सिंह ने सभी जिलों से निर्वाचन में सहयोग, समन्वय, सीमाओं पर कानून व्यवस्था, चेक पोस्ट, अवैध शराब की तस्करी, जनपदीय सीमाओं पर बैरियर एवं सीसीटीवी व्यवस्था कराने में सहयोग की अपील की। सीमाओं पर क्रिटिकल और वर्नेवल क्षेत्र/बूथ चिह्नित हैं और इन पर विशेष ध्यान देने पर जोर दिया। उन्होंने कहा कि सीमावर्ती गांवों में शिफ्टिंग मतदाताओं, अपराधियों, शराब माफियाओं पर कड़ाई से रोक लगानी है। उन्होंने सभी महत्वपूर्ण सूचनाएं आपस में आदान-प्रदान करने की अपील करते हुए सीमावर्ती एसडीएम से आपस में समन्वय बैठक करने के निर्देश दिए।

डीएम मुरादाबाद मानवेन्द्र सिंह ने कहा




कि निर्वाचन में पूर्ण सहयोग व समन्वय के साथ कार्य किया जाएगा। मुरादाबाद की तहसील सदर और ठाकुरद्वारा ऊधमसिंह नगर व नैनीताल जिले की सीमाओं से लगती है। इनमें 11 जगह बैरियर लगाए जाएंगे। सभी अधिकारियों के फोन नंबर आपस में साझा किए जाएंगे। नोडल अधिकारी/मुख्य विकास अधिकारी मनीष कुमार ने पीपीटी के माध्यम स विस्तृत जानकारियां दी। कहा कि यूपी के पांच जिलों की सीमाओं से लगे क्षेत्र में 134 बूथों पर 1,21,994 मतदाता हैं। एसएसपी मंजूनाथ टीसी ने बताया कि शस्त्रों का सत्यापन किया जा चुका है। अंतरराज्यीय सीमाओं पर 57 बेरियर लगाए जाते है और चोर रास्ते चिह्नित किए जा रहे हैं।

रुद्रपुर। अंतरराज्यीय बैठक में वर्चुअल माध्यम से एसपी बरेली सुशील गुले, एसपी बिजनौर नीरज जादौन, एसपी पीलीभीत अतुल शर्मा जुड़े थे। इसके साथ ही एडीएम बरेली सौरभ दुबे, पुलिस अधीक्षक मुकेश चंद्र, पुलिस अधीक्षक यातायात मुरादाबाद सुभाष गंगवार, एसपी बिजनौर धर्म सिंह मार्शल, एसडीएम बिलासपुर हिमांशु उपाध्याय, एसडीएम धामपुर रीतू रानी, एडीएम/उप जिला निर्वाचन अधिकारी ऊधमसिंह नगर अशोक कुमार जोशी, पंकज उपाध्याय, एसपी मनोज कत्याल, नगर आयुक्त नरेश चन्द्र दुर्गापाल आदि मौजूद रहे।

### आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं ने मंत्री के खिलाफ की नारेबाजी



**खटीमा/ सितारगंज, एजेंसी।** पांच सूत्री मांगों का लेकर 10वें दिन भी आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं का धरना जारी रहा। आक्रोशित आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं ने महिला एवं बाल विकास मंत्री के खिलाफ नारेबाजी की।

खटीमा ब्लॉक कार्यालय परिसर में धरने पर बैठीं आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं ने कहा कि सरकार उनकी मांगों को लेकर गंभीर नजर नहीं आ रही है। उन्होंने कहा कि जब तक 18000 रुपये मानदेय सहित अन्य सभी मांगें पूरी नहीं होंती धरना जारी रहेगा। ब्लॉक अध्यक्ष अमरजीत कौर ने कहा कि दो मार्च को देहरादून में मुख्यमंत्री के साथ वार्ता होनी है। इस दौरान पुष्विंदर कौर, सुनीता देवी, बलविंदर कौर, इंदिरा पोखरिया, इंदू पलियाल, सुशीला, कुसुम, अमनदीप कौर आदि मौजूद रहीं। इधर, सितारगंज में नगर पालिका परिसर में धरने पर बैठीं आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं ने शासन-प्रशासन पर उपेक्षा का आरोप लगाया। उन्होंने एक सप्ताह के भीतर मांगे पूरी न होने पर सड़क जाम करने की चेतावनी दी। वहां पर चन्द्रावती, रूकमणि धामी, मीरा रस्तोगी, सुखदेव कौर, मनकिन्दर कौर, विनीता राणा, सुनीता देवी, उर्मिला देवी, सावित्री देवी, मीना देवी आदि थीं।

# नौ करोड़ की लागत से कुमाऊं में स्थापित होगी कैथ लैब

**हल्द्वानी, एजेंसी।**
केंद्रीय रक्षा राज्यमंत्री और स्थानीय सांसद अजय भट्ट ने कहा कि बहुप्रतीक्षित जमरानी बांध की अड़चन उनके कार्यकाल में दूरी हुई। उन्होंने इस मुद्दे को प्रमुखता से उठाया। अब प्रदेश सरकार ने भी 3678.23 करोड़ की वित्तीय एवं प्रशासकीय स्वीकृति दे दी है। आचार संहिता लगने से पहले काम की शुरुआत होने की संभावना है। हल्द्वानी में नौ करोड़ की लागत से कैथ लैब बनेगी, वहीं काठगोदाम स्टेशन का 24 करोड़ से आधुनिकीकरण किया जाएगा।

पत्रकारों से वार्ता में उन्होंने कहा कि जमरानी बांध परियोजना परियोजना को केंद्र सरकार की ओर से अक्तूबर में केंद्रीय सहायता के तौर पर 1557.18 करोड़ की स्वीकृति दी गई। शेष राशि एमओयू के अनुरूप यूपी 689 करोड़ और उत्तराखंड 1432 करोड़ का वहन करेगा। 27 फरवरी को मुख्य बांध



के निर्माककी निविदा भी आमंत्रित कर दी गयी है। प्रस्तावित परियोजना से हल्द्वानी के लोगों को 2050 तक पानी की कमी नहीं रहेगी। इसके अलावा उन्होंने बताया कि हल्द्वानी नैनीताल रोपवे में कार्य शीघ्र शुरू होगा। काठगोदाम-अमृतसर ट्रेन को अचार संहिता से पहले शुरू किया जाएगा। उन्होंने कहा कि कांग्रेस का सूर्य ढलने की ओर है। बनभूलपुरा में उपद्रव मुद्दे पर कहा कि सरकारी जमीन थी, नोटिस देने के बाद भी पुलिस कार्रवाई का विरोध उचित नहीं था।

# भवाली में बनेगा कूड़ा रीसाइक्लिंग प्लांट

**नैनीताल, एजेंसी।**
नगर की कूड़ा रीसाइक्लिंग प्लांट योजना भवाली पालिका की सकारात्मक पहल से शुरू होने जा रही है। दोनों पालिकाओं की सहमति के बाद नैनीताल पालिका ने कूड़ा रीसाइक्लिंग प्लांट की स्थापना और क्षेत्र के विकास के लिए 35 लाख रुपये का स्टीमेट तैयार कर लिया है।

डीएसबी परिसर के नैनो साइंस विभाग के कई वर्षों के शोध के बाद निष्प्रयोज्य प्लास्टिक से ग्राफीन निर्माण की पहल हुई। करीब तीन वर्ष पूर्व नगर पालिका और कुमाऊं विवि डीएसबी परिसर के नैनो साइंस विभाग की ओर से पालिका परिक्षेत्र में रीसाइक्लिंग प्लांट लगाने की पहल हुई। लगभग डेढ़ वर्ष पूर्व संबंधित मशीनें भी नगर में पहुंच गई। प्रोजेक्ट के लिए मशीन आने के बावजूद जमीन न मिलने के कारण मामला ठंडे बस्ते में चला गया। निवर्तमान भवाली पालिकाध्यक्ष संजय वर्मा की पहल के बाद इसे भवाली में स्थापित करना तय हुआ। उनकी पहल पर यहां सेनिटोरियम से लगभग 600



मीटर आबादी क्षेत्र से दूर जमीन उपलब्ध कराकर आवश्यक कटान कर इसे आंशिक विकसित भी किया है। क्षेत्र के सर्वे के बाद नैनीताल पालिका की ओर से 34 लाख 980 रुपये का स्टीमेट तैयार किया है। इससे वहां क्षेत्र विकास के साथ ही पाइरोलिसिस और ट्रोमल प्लांट के लिए शेड भी बनाए जाने हैं। एक दो दिन में इसकी निविदा कराई जाएगी। कूड़ा रीसाइक्लिंग से मिलने वाले ग्राफीन से पालिका को नियमित आय होगी। इस आय को नैनीताल पालिका व भवाली पालिका के बीच 60~40 के अनुपात में बांटने पर भी विचार किया जा रहा है। यहां नैनीताल, भवाली के साथ ही कैंची, रामगढ़ और इससे लगे क्षेत्र के कूड़े को भी निस्तारित किया जाएगा। निवर्तमान पालिकाध्यक्ष संजय वर्मा ने बताया कि भवाली पालिका ने पूर्व में नगर के लिए बनाए गए प्लांट के पास ही भूमि का चयन कर नैनीताल पालिका से वार्ता की। उन्होंने भवाली समेत आसपास के क्षेत्रों को कूड़ामुक्त करने और भवाली पालिका की नियमित आय के क्रम में यह कवायद की है।

### जंगल सफारी प्रेमियों के लिए अच्छी खबर! नैनीताल में खुलने जा रहा नया पर्यटन जोन

**रामनगर, एजेंसी।** कार्बेट नेशनल पार्क में पर्यटकों का दबाव कम करने के लिए रामनगर में एक और पर्यटन जोन खोलने की तैयारी हो गई है। एक मार्च से खोले जा रहे हाथीडंगर जोन में सुबह व शाम 25-25 जिप्सियों से पर्यटक सफारी करेंगे। जंगल में 35 किलोमीटर के दायरे में पर्यटक घूम सकेंगे।

वर्तमान में कार्बेट नेशनल पार्क में ढिकाला, बिजरानी, ढेला, गिरिजा, झिरना, दुर्गादेवी, पाखरो, सोनानदी पर्यटन जोन हैं। इसके अलावा बाहरी क्षेत्र रामनगर वन प्रभाग में सीतावनी और तराई पश्चिमी वन प्रभाग के अंतर्गत फाटो पर्यटन जोन संचालित हैं। अब तराई पश्चिमी वन प्रभाग में ही एक और पर्यटन जोन हाथीडंगर के नाम से खोला जा रहा है। इस जोन की तैयारी कई महीनों से चल रही थी।

जंगल के भीतर पर्यटकों की सफारी के लिए ट्रैक भी तैयार हो चुका है। जिप्सी संचालन के अलावा गाइड के रूप में भी स्थानीय लोगों को यहां रोजगार मिलेगा।

### अल्मोड़ा पुलिस ने गाजियाबाद में धरे तीन साइबर ठग

**अल्मोड़ा, एजेंसी।** छह महीने बाद कंपनी में फंसा पैसा वापस दिलाने के नाम पर करीब डेढ़ लाख की ठगी करने वाले तीन ठगों को अल्मोड़ा पुलिस ने गाजियाबाद में गिरफ्तार किया है। ठगों ने महिला की आवाज में बात कर पीड़ित को झांसे में लिया था।

अगस्त 2023 में अल्मोड़ा निवासी चंदन सिंह नयाल ने तहरीर दी थी कि वह एक ऑनलाइन कंपनी से खरीदारी करता था। कुछ धनराशि का सामान उसे उपलब्ध हुआ जबकि कुछ का नहीं मिला। इसी बात का फायदा उठाकर साइबर ठगों ने उठाया। इसी ऑनलाइन शॉपिंग कंपनी में काम करने वाले तीन ठगों ने पीड़ित की जानकारी हासिल की और महिला की आवाज में बात कर उसे पैसे वापस दिलाने का झांसा दिया। कंपनी में फंसे पैसे निकालने के नाम पर फीस के तौर पर ठगों ने उससे अलग-अलग समय में 1,46,500 रुपये ले लिए। एसएसपी देवेंद्र पींचा ने बताया कि प्रवीण कुमार निवासी तुगलकाबाद, नई दिल्ली, रोविन सिंह निवासी केशव नगर, गाजियाबाद, मोहित कुमार उर्फ सोनू निवासी संगम पार्क, गाजियाबाद को पुलिस गिरफ्तार कर अल्मोड़ा लाई थी। पूछताछ के बाद उन्हें नोटिस तामील कर छोड़ दिया गया है। अब चार्जशीट कोर्ट में दाखिल की जाएगी।

## आर्थिक सर्वेक्षण रिपोर्टः दिल्ली वालों की प्रति व्यक्ति आय राष्ट्रीय औसत की तुलना में 2.5 गुना अधिक

**नई दिल्ली, प्रात: किरण संवाददाता**



दिल्ली विधानसभा के बजट सत्र के दौरान शुक्रवार को वित्त मंत्री आतिशी ने दिल्ली की आर्थिक सेहत बयां करने वाली आर्थिक सर्वेक्षण रिपोर्ट सदन के पटल पर रखा। रिपोर्ट में वर्ष 2023-24 के दौरान जीएसडीपी (राज्य का सकल घरेलू उत्पाद) का अग्रिम अनुमान 2022-23 की तुलना में 9.17 फीसदी की बढ़ोतरी के साथ 11,07,746 करोड़ रुपये बताया गया है। कोरोना काल के बाद दिल्ली में कुल आर्थिक गतिविधि राष्ट्रीय स्तर की तुलना में अधिक तेजी से बढ़ोतरी हुई है, ऐसा आर्थिक सर्वेक्षण रिपोर्ट में बताया गया है। वर्ष 2022-23 में दिल्ली की जीएसडीपी 10,14,000 करोड़ थी। वर्ष 2021-22 और 2022-23 में क्रमश 8.76 फीसदी और 7.85 फीसदी की वृद्धि के साथ बढ़ा है। वित्त मंत्री आतिशी के अनुसार यह देश की बाकी राज्यों की तुलना में आगे है।

वित्त मंत्री ने आर्थिक सर्वेक्षण रिपोर्ट में जिक्र किया है कि सरकार दिल्ली को एक समावेशी, सबके लिए समान सुविधा संपन्न और बेहतर जीवन योग्य विश्वस्तरीय शहर बनाने और लोगों की आकांक्षा पूरी करने के लक्ष्य के साथ काम कर रही है। दिल्ली के कर संग्रह में 2022-23 के दौरान 18 फीसदी की बढ़ोतरी दर्ज की गई है। 2021-22 में दिल्ली में 3,270 करोड़ का राजस्व अधिशेष दर्ज किया, जो 2022-23 में बढ़कर 14,457 करोड़ हो गया।

दिल्ली की प्रति व्यक्ति आय 4,61,910 रुपए का अनुमानः वर्ष 2023- 24 के दौरान दिल्ली की प्रति व्यक्ति आय का अग्रिम अनुमान रिपोर्ट में 4,61,910 रुपए बताया गया है। जो पिछले दो वर्षों की तुलना में 22 फीसदी से अधिक बढ़ोतरी को दशार्ता है। आर्थिक सर्वेक्षण रिपोर्ट में दिल्ली सरकार ने बताया है कि प्रति व्यक्ति आय राष्ट्रीय औसत की तुलना में 2.5 फीसदी ज्यादा रही है।

ब्याज के भुगतान में कमीः आर्थिक सर्वेक्षण रिपोर्ट के अनुसार, वर्ष 2012-13 की तुलना में 2022-23 में राजस्व प्राप्ति और ब्याज के भुगतान के अनुपात में कमी होने का जिक्र है। यह 5.21 फीसदी पहुंच गया है। जबकि, 2012-13 में यह अनुपात 11.20 फीसदी था। सरकार द्वारा पेश आर्थिक सर्वेक्षण रिपोर्ट को लेकर अर्थशास्त्री विनय मिश्रा बताते हैं कि राजस्व प्राप्ति और ब्याज भुगतान के अनुपात में आई कमी बताता है कि ऋण समस्या नियंत्रण में है। आर्थिक सर्वेक्षण रिपोर्ट में 2022-23 के दौरान दिल्ली सरकार के कर संग्रह में 18 फीसद की वृद्धि हुई है। विधानसभा में सोमवार को पेश होने बजट को लेकर वित्त मंत्री आतिशी ने कहा कि 2023-24 की तरह नए वित्त वर्ष में 2024-25 में योजना, कार्यक्रम, परियोजना, बजट आवंटन में परिवहन क्षेत्र को सर्वाधिक प्राथमिकता दी गई और कुल बजट का तकरीबन 20 फीसदी इस क्षेत्र के लिए आवंटित किया गया।

## पहले प्ले स्कूल की सह-संचालिका का दुपट्टे से गला घोंट कर मारा, फिर दूसरे दिन साझेदार ने की आत्महत्या

**नई दिल्ली, प्रात: किरण संवाददाता**




नरेला में प्ले स्कूल की सह-संचालिका व भाजपा कार्यकर्ता की हत्या के एक दिन बाद ही स्कूल के साझेदार (पार्टनर) ने आत्महत्या कर ली थी। पुलिस ने फिलहाल अज्ञात के खिलाफ हत्या का मामला दर्ज किया है, लेकिन पुलिस को अंदेशा है कि साझेदार ने ही सह-संचालिका की दुपट्टे से गला घोटकर हत्या की थी। इस बीच, पुलिस ने पोस्टमार्टम कराकर शव युवती के स्वजन को सौंप दिया है। दूसरी ओर सोनीपत (हरियाणा) सीमा में मिले स्कूल साझेदार के शव को राजकीय रेलवे पुलिस ने पोस्टमार्टम के बाद स्वजन को सौंपा। मृतका के पिता ने बताया कि स्कूल में लगा डीवीआर और उनकी बेटी की स्कूटी गायब है।गत 23 फरवरी से लापता नरेला के स्वतंत्र नगर की रहने वाली 32 वर्षीय वर्षा पंवार की 28 फरवरी को उनके खुद के प्ले स्कूल के कार्यालय में मिली थी। रेलवे ट्रैक पर मिला था शव

पुलिस जांच में सामने आया है कि वर्षा की हत्या संभवत 23 को हो गई थी और 25 फरवरी को सुबह सोहनलाल का शव हरियाणा के सोनीपत जिले के गांव हसराना के पास रेलवे ट्रैक पर मिला था। कल बुधवार को वर्षा का शव मिलने के बाद ही दिल्ली पुलिस ने रेलवे पुलिस के सोनीपत स्थित थाने से संपर्क किया, तब इस मामले की कड़ी जुड़ी। रेलवे पुलिस का कहना है कि स्वजन ने शव की आज शनाख्त की, इसके बाद शव उन्हें सौंप दिया गया। उत्तरी-बाहरी जिला पुलिस के वरिष्ठ अधिकारी ने बताया कि फिलहाल अज्ञात के खिलाफ हत्या का मामला दर्ज किया है, जांच व अन्य प्रक्रियाएं पूरी होने के बाद आरोपित को नामजद किया जाएगा।वर्षा के पिता ने बताया कि उनकी बेटी के गले पर निशान पाए गए हैं, दुपट्टे से उसका गला घोंटकर मारा गया है। शरीर पर खरोंच के निशान भी देखे थे। नाक और मुंह से खून भी निकला हुआ था। एक महीने पहले खोला था प्ले स्कूल वर्षा के पिता विजय पंवार ने बताया कि उनकी बेटी ने सोहनलाल के साथ मिलकर पिछले महीने की 26 तारीख को ही प्ले स्कूल खोला था। स्कूल में उनकी बेटी ने सात-आठ लाख रुपये की फंडिंग की थी।वे स्कूल के कामकाज में बेटी का हाथ बंटाना चाहते थे, लेकिन बीमारी की वजह से वे स्कूल नहीं जा सके और यह घटना हो गई। स्कूल से डीवीआर व बेटी की स्कूटी गायब विजय पंवार ने बताया कि स्कूल में सीसीटीवी कैमरे और डीवीआर समेत पूरा सेटअप लगाया था, लेकिन घटना के बाद से डीवीआर गायब है। उन्हें शक है कि डीवीआर सोहनलाल ने गायब किया होगा। उनकी बेटी की स्कूटी भी गायब है।पुलिस को डीवीआर और स्कूटी के बारे में पता लगाना चाहिए।

## सदर बाजार में ट्रांसपोर्ट कंपनियों के एजेंट की मनमानी

नई दिल्ली। फेडरेशन ऑफ सदर बाजार ट्रेडर्स एसोसिएशन ने ट्रांसपोर्ट कंपनियों के एजेंटों द्वारा की जा रही वसूली पर आपत्ति उठाई है। इसको लेकर शुक्रवार को फेडरेशन की बैठक हुई, जिसमें सदर बाजार के व्यापारियों ने हिस्सा लिया। फेडरेशन के चेयरमैन परमजीत सिंह पम्मा और अध्यक्ष राकेश यादव यादव ने कहा कि ट्रांसपोर्ट कंपनियों के बुकिंग एजेंट माल बुक करते समय बिल्टी चार्ज के नाम पर 20 से लेकर 250 रुपये तक की अवैध वसूली कर रहे हैं। जो नहीं देता है तो उसका माल बुक नहीं करते और ना ही इसकी रसीद देते हैं। इस मनमानी के बीच व्यापारी और मजदूरों को काफी परेशानी झेलनी पड़ती है। मजदूर रात को ही माल लेकर जाते हैं। रात को 12-1 बजे अगर बुकिंग नहीं होगी तो वह माल कहां रखेगा। मजदूर के पैसे ना देने पर उसे धमकी दी जाती है। कई बार मजदूर अलग-अलग व्यापारियों से जुड़े सामान के पांच से दस नग लेकर जाता है।


**उत्तर रेलवे**

आज़ादी का अमृत महोत्सव

**इ–निविदा (इ–प्रोक्यूरमेंट) के माध्यम से निविदा आमंत्रण**

निम्नलिखित कार्य के लिए वरिष्ठ मंडल अभियन्ता/II, उत्तर रेलवे, दिल्ली मंडल में इ–निविदा आमंत्रण।

| | | | |
|---|---|---|---|
| NIT-45 कार्य का नाम | सहायक मंडल अभियंता मेरठ के अंतर्गत SSE/W/MOZ के खंड में खतौली यार्ड में आवास विकास कॉलोनी के अपशिष्ट जल की निकासी के लिए किमी 99/17–19 पर नया पुल उपलब्ध कराने का प्रावधान। | | |
| कार्य की अनुमानित लागत(₹) | ₹1,10,62,934.29 | बयाना राशि(₹) | ₹2,05,300/- |
| निविदा बोली प्रस्तुत करने की तिथि और समय | 12.03.2024 से 26.03.2024 को 15:00 बजे | | |
| निविदा खोलने की तिथि और समय | 26.03.2024 को 15:00 बजे | | |
| वेबसाइट विवरण जहां निविदा दस्तावेजों का पूरा विवरण देखा जा सकता है। | निविदा वेबसाइट www.ireps.gov.in पर उपलब्ध है। | | |

- ठेकेदारों को ई–टेंडर प्रणाली में भाग लेने के लिए भारतीय रेलवे ई–प्रोक्योरमेंट सिस्टम (IREPS) साइट यानी www.ireps.gov.in के अंतर्गत पंजीकृत होना चाहिए।
- सभी नियमों और शर्तों के लिए कृपया निविदा दस्तावेज देखें।
- मैनुअल निविदायें स्वीकृत नहीं की जायेंगी। • निविदा दस्तावेज और बयाना की लागत केवल नेट बैंकिंग या भुगतान गेटवे के माध्यम से स्वीकार्य होगी।

सं.: NIT-45-23-24-W-2 दिनांकः 29.02.2024 665/2024

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ


## केजरीवाल सरकार ने 9 सालों में एक भी कॉलेज नहीं खोला, बिधूड़ी के आरोप पर विस अध्यक्ष गोयल ने कहा




**नई दिल्ली, प्रात: किरण संवाददाता**

दिल्ली विधानसभा में नेता प्रतिपक्ष रामवीर सिंह बिधूड़ी ने केजरीवाल सरकार को उसका यह वादा याद दिलाया कि राजधानी में हर साल पांच नए कॉलेज खोले जाएंगे। उन्होंने कहा कि जब से आम आदमी पार्टी सरकार बनी है, दिल्ली में एक भी नया कॉलेज नहीं खोला गया। इससे खासतौर पर ग्रामीण छात्राएं उच्च शिक्षा से वंचित हैं। उन्होंने सुझाव दिया कि ग्रामसभा की जमीन पर ये कॉलेज खोले जा सकते हैं। बिधूड़ी के इस बयान पर विधानसभा अध्यक्ष रामनिवास गोयल ने आपत्ति की। उन्होंने कहा कि यह कहना कहना गलत है कि दिल्ली सरकार ने एक भी कॉलेज नही खोला है। उन्होंने कहा कि मेरे बगल के विधानसभा क्षेत्र यानी भाजपा के ओम प्रकाश शर्मा के क्षेत्र में डीटीयू के पूर्वी दिल्ली परिसर की शुरूआत की गई है। इस पर बिधुड़ी ने कहा कि वह नई परियोजनाओं का मुद्दा उठा रहे हैं, ये पुरानी परियोजनाएं हैं, जबकि अध्यक्ष ने कहा कि ये नई परियोजनाएं ही हैं।

बिधूड़ी ने विधानसभा में नियम-280 के अंतर्गत यह मामला उठाते हुए कहा कि आम आदमी पार्टी ने 2015 के विधानसभा चुनावों में यह वादा किया था कि हर साल पांच कॉलेज और पांच सालों में 25 कॉलेज खोले जाएंगे। मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल इसके बाद भी लगातार ऐसा वादा करते रहे हैं। अब तो इस सरकार को नौ साल हो गए हैं लेकिन एक भी नया कॉलेज नहीं खोला गया।

उन्होंने कहा कि दिल्ली के ग्रामीण इलाकों, एक्सटेंडेड आबादी, पुनर्वास कॉलोनियों, अनधिकृत कॉलोनियों झुग्गी बस्तियों और जनता कॉलोनियों में करीब दो करोड़ लोग रहते हैं और इन इलाकों में कोई कॉलेज नहीं है। इन क्षेत्रों में रहने वाली छात्राओं को विशेषकर परेशानी होती है क्योंकि वे शहर की तरफ आ नहीं पाते और उन्हें यहां दाखिला भी नहीं मिलता जबकि उनके अपने इलाकों में सरकार ने कोई नया कॉलेज नहीं खोला।

बिधूड़ी ने सुझाव दिया कि ग्रामीण इलाकों में ग्राम सभा की सैंकड़ों एकड़ जमीन खाली पड़ी है। यह जमीन दिल्ली सरकार के अंतर्गत ही आती है। वह चाहे तो ग्रामीण इलाकों में कॉलेज खोलने की शुरूआत कर सकती है। वैसे भी पुनर्वास कॉलोनियां और अनधिकृत कॉलोनियां गांवों की जमीन पर ही बनी हैं। इसलिए उन्हें इसका लाभ मिलना चाहिए।

## दोनों भ्रष्ट पार्टियों के गठबंधन को नकारेगी दिल्ली की जनता : रामनारायण दुबे



नई दिल्ली। आम आदमी पार्टी ने लोकसभा चुनावों में कांग्रेस पार्टी से गठबंधन कर यह साबित कर दिया है यह पार्टी केवल और केवल सत्ता की भूखी है। यह कहना है पूर्वी दिल्ली नगर निगम के पूर्व मेयर रामनारायण का। रामनारायण दुबे कहते हैं कांग्रेस पार्टी के भ्रष्टाचार को मुद्दा बना यह पार्टी दिल्ली की सत्ता पर काबिज हुई थी लेकिन केवल सत्ता के लिए इस पार्टी ने तमाम मयार्दाएं तोड़ कांग्रेस पार्टी से गठ्बन्धन कर देश की जनता के विशवास को धोखा दिया है। रामनारायण दुबे कहते हैं गठबंधन के बावजूद दिल्ली की जनता इन्हें नकार देगी और दिल्ली की सातों सीटों पर भारतीय जनता पार्टी के प्रत्याशी भारी अन्तराल से जीत दर्ज करेगें। श्री दुबे कहते है दिल्ली की जनता जान चुकी है आम आदमी पार्टी की सरकार नें भ्रस्टाचार के तमाम रिकार्ड तोड़ डाले है और इस सरकार के दो-दो मंत्री जेल में बंद है तथा एक दर्जन से ज्यादा मामलों की जांच चल रही है। इस सरकार की हर फाईल में भ्रस्टाचार है, मौहल्ला क्लिनिक हो, स्कूलों में कमरे बनवाने का काम हो या आबकारी नीति हो सब जगह भ्रस्टाचार। श्री दुबे कहते हैं दूसरी ओर भाजपा है प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने देश के सभी वर्गों के उत्थान के लिए बहुत कार्य किए है जिसमे किसानों के लिए किसान निधि के माध्यम से आर्थिक सहायता, बहनों के लिए उज्जवला योजना, 3 करोड़ लखपति दीदी बनाने का लक्ष्य, इज्जत घर बनाने एवं पक्का मकान बनाने के लिए आर्थिक सहायता, बच्चियों को सुरक्षा प्रदान करने के लिए सुकन्या योजना, देश में 80 करोड़ लोगो को मुफ्त राशन, जनधन योजना के माध्यम से बैंक में करोड़ों खाते खुलवाकर जिससे लाभार्थियों का लाभ का सौ प्रतिशत पैसा सीधा उनके बैंक खाते में जाता है खाते खुलने के कारण कांग्रेस सरकार के समय पर होने वाले भ्रष्टाचार पर लगाम लगी।

## धोखाधड़ी मामले में पूर्व विधायक खरब की सजा निलंबित

नई दिल्ली। राउज एवेन्यू स्थित सत्र न्यायालय ने निवेशकों के साथ धोखाधड़ी मामले में पूर्व विधायक रणबीर सिंह खरब और उनकी पत्नी को राहत दी है। स्पेशल जज एमके नागपाल ने 25 हजार रुपये के निजी मुचलके पर जमानत दे दी और सजा को निलंबित कर दिया। इससे पहले खरब को एडिशनल मेट्रोपोलिटन मजिस्ट्रेट ने 26 फरवरी को सात साल कैद की सजा सुनाई थी। कोर्ट ने दोनों पर 44 लाख रुपये का जुमार्ना भी लगाया था। मामला ऊंचे रिटर्न का झांसा देकर निवेशकों से धोखाधड़ी से जुड़ा हुआ है। दोनों पर आरोप था कि एक चिटफंड कंपनी ज्योति फेयर फाइनेंस कंपनी के जरिये अधिक रिटर्न का झांसा देकर निवेशकों से करीब तीन करोड़ रुपये ठग लिए। मामले में पहली शिकायत एएस हुड्डा नामक निवेशक ने 30 सितंबर 2005 को की थी। शिकायतकर्ता ने 1998 से 2002 के बीच कंपनी में 95 लाख रुपये का निवेश किया था। जब शिकायतकर्ता ने कंपनी से रिटर्न मांगा तो उन्होंने देने से इनकार कर दिया। हुड्डा की शिकायत के आधार पर रणबीर सिंह खरब और अनीता खरब समेत कंपनी के दूसरे निदेशकों के खिलाफ एफआईआर दर्ज की गई।


**उत्तर रेलवे**

आज़ादी का अमृत महोत्सव

**इलेक्ट्रॉनिक निविदा ई–प्रणाली के अंतर्गत मदों की आपूर्ति हेतु निविदा आमंत्रण**

टेंडर नोटिस सं. 98/2023-2024 दिनांक 01.03.2024

भारत के राष्ट्रपति की ओर से प्रमुख मुख्य सामग्री प्रबंधक, उत्तर रेलवे, नई दिल्ली–110001 द्वारा इच्छुक फर्मों से निम्नलिखित मदों के लिये ई–निविदा आमंत्रित की जाती है :–

| क्र. सं. | निविदा सं. | संक्षिप्त विवरण | मात्रा | अंतिम तिथि |
|---|---|---|---|---|
| 1 | 07231327A | लावटोरी डोर अरेंजमेंट फॉर एन ए सी कोचेस | 486 नग | 28.03.2024 |
| 2 | 15235163 | 250 के वी ए डीजल जनरेटर सेट | 04 नग | 08.04.2024 |
| 3 | 07230029A | साइलेंट ब्लॉक फॉर एंकर लिंक | 5069 नग | 31.05.2024 |

निविदा शर्ते–1. विस्तृत जानकारी IREPS वेबसाइट यानि www.ireps.gov.in पर देखी जा सकती है। 2. मैनुअल निविदा स्वीकृत नहीं की जायेगी।

674/24

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ


## जय महाभारत पार्टी ने जारी किया चुनावी एजेंडा



नई दिल्ली। नई दिल्लीः लोकसभा चुनाव 2024 को लेकर तमाम राजनीतिक पार्टियां अपनी-अपनी तैयारी शुरू कर दी है। देश की जनता के बीच जाने के लिए पार्टियों में चुनावी घोषणा पत्र तो कहीं प्रत्याशियों के नाम की घोषणा के लिए मंथन जारी है। इसी बीच बीजेपी की हिंदुत्ववादी एजेंडा को चुनौती देने के लिए लोकसभा चुनाव में जय महाभारत पार्टी ने अपना चुनावी बिगुल फूंक दिया है।

दिल्ली के कांस्टीट्यूशन क्लब में आयोजित एकदिवसीय बैठक में जय महाभारत पार्टी ने आगामी चुनाव को लेकर अपना एजेंडा क्लियर कर दिया है। पार्टी के संस्थापक और राष्ट्रीय अध्यक्ष अनंतविष्णु उर्फ प्रभु ने बताया कि जल्द पार्टी की तरफ से सभी लोकसभा सीटों पर उम्मीदवारों की घोषणा की जाएगी। उन्होंने बताया कि आज हमने 2024 लोकसभा चुनावों को लेकर जय महाभारत पार्टी की राष्ट्रीय कार्यकारिणी की बैठक बुलाई। जिसमें अलग-अलग राज्यों से आए नेता शामिल हुए। बैठक के बाद भगवान अनंतविष्णु ने बताया कि राष्ट्रीय कार्यकारिणी की बैठक में आगामी आम चुनाव के लिए एजेंडा तय कर लिया गया है। हम भारत में शराब पर पूर्ण प्रतिबंध लगाएंगे। साथ ही भू-लक्ष्मी योजना के माध्यम से पात्र महिलाओं को 100 वर्ग गज का प्लॉट प्रदान करेंगे। अनंतविष्णु ने बताया कि धन लक्ष्मी योजना के माध्यम से उनकी पार्टी प्रत्येक महिला को केवल 0।25 पैसे ब्याज पर एक लाख रुपये तक की त्वरित ऋण सुविधा प्रदान करेगी। इसके अलावा, भारत में महिलाओं को संवैधानिक चुनाव में 50 प्रतिशत आरक्षण देगी। साथ ही पार्टी देश में बढ़ती कीमतों को नियंत्रित करके सभी प्रकार के भ्रष्टाचार और अपराधों आदि पर अंकुश लगाकर पूरे भारत में एक शांतिपूर्ण कुशल सरकार बनाए रखने पर काम करेगी।

## हेल्थ केयर पर ईजेरेक्स और इम्जेनेक्स ने हाथ मिलाया

नई दिल्ली । देश में हेल्थकेयर को सभी तक पहुंचाने की दिशा में ईजेरेक्स और इम्जेनेक्स ने हाथ मिलाया है। ईजेरेक्स स्वास्थ्य और इम्जेनेक्स इंडिया बायोटेक्नोलॉजी की प्रमुख कंपनी है। दोनों ने रणनीतिक साझेदारी के साथ एमओयू पर हस्ताक्षर किए हैं। ईजेरेक्स के सीईओ पार्थ प्रतिम दास महापात्रा और इम्जेनेक्स इंडिया के संस्थापक डॉ. सुजय सिंह ने संयुक्त बयान में खुशी जताते हुए कहा है कि यह सहयोग साझा मिशन को आगे बढ़ाने की दिशा में बड़ा कदम है। दोनों हेल्थकेयर इनोवेटर्स का उद्देश्य सभी देशवासियों के लिए गुणवत्तापूर्ण चिकित्सा देखभाल को किफायती और सुलभ बनाना है। लोगों को ईजेरेक्स की एआई संचालित चिकित्सा उपकरणों की बेजोड़ विशेषज्ञता और अत्याधुनिक बायोटेक्नोलॉजी में इम्जेनेक्स के नेतृत्व लाभ मिलेगा। महापात्रा ने कहा कि ईजेरेक्स की टीसीएस, इन्फोसिस फाउंडेशन और इंडियन ऑयल कॉर्पोरेशन जैसी प्रमुख कंपनियों के साथ साझेदारी है। ईजेरेक्स के प्रबंधक (बाजार और संवाद) हमने मेड इन इंडिया टेक्नोलॉजीज की कल्पना की है। दोनों कंपनियां इस दिशा में आगे बढ़ेंगी।

## एनडीएमसी ने भारतीय लोक प्रशासन संस्थान में नगरपालिका वित्त पर केंद्रित समूह चर्चा में भाग लिया

- इस प्रतिष्ठित कार्यक्रम के उद्घाटन का नेतृत्व नई दिल्ली नगरपालिका परिषद (एनडीएमसी) के अध्यक्ष अमित यादव ने किया

**नई दिल्ली, प्रात: किरण संवाददाता**



नई दिल्ली नगरपालिका परिषद (एनडीएमसी) ने नगरपालिका वित्त पर केंद्रित समूह चर्चा (एफजीडी) के माध्यम से शहरी विकास की आर्थिक रीढ़ के संबंध में रचनात्मक बातचीत को बढ़ावा देने में एक अग्रणी कदम उठाया है। प्रतिष्ठित भारतीय लोक प्रशासन संस्थान (आईआईपीए) और नेशनल इंस्टीट्यूट ऑफ अर्बन अफेयर्स (एनआईयूए) के सहयोग से, एक कार्यक्रम में देश भर के शहरी स्थानीय निकायों (यूएलबी) के सम्मानित प्रतिभागियों को एक साथ लाया गया। इस प्रतिष्ठित कार्यक्रम के उद्घाटन का नेतृत्व नई दिल्ली नगरपालिका परिषद (एनडीएमसी) के अध्यक्ष अमित यादव ने किया, जिसने व्यावहारिक चर्चा के लिए मंच तैयार किया। इस कार्यक्रम में प्रतिष्ठित मुख्य वक्ता आईआईपीए के महानिदेशक आईएएस (आर) एस.एन त्रिपाठी, एनआईयूए के पूर्व निदेशक हितेश वैद्य, आईपीएल सीईओ पलाश श्रीवास्तव, वडोदरा नगर निगम के सीएफओ संतोष तिवारी और एनडीएमसी के एफए (आईडीएएस) पुस्कल उपाध्याय ने सामूहिक रूप से नगरपालिका वित्त के महत्वपूर्ण विषय पर दृष्टिकोण के समृद्ध आदान-प्रदान की सुविधा के लिए अपनी विशेषज्ञता का उपयोग किया। यह चर्चा नगर निकायों की वित्त प्राथमिकताओं, तत्काल जरूरतों को संबोधित करने और रणनीतिक उद्देश्यों जैसे महत्वपूर्ण पहलुओं पर हुई। चर्चा में क्रेडिट तक पहुंच बढ़ाने, शहरी स्थानीय निकायों (यूएलबी) द्वारा प्रमुख नवाचारों को बढ़ावा देने, नगरपालिका वित्त में क्षमता निर्माण के लिए रणनीति बनाने और टिकाऊ शहरी विकास के लिए सामूहिक रूप से एक प्रगतिशील रास्ता तैयार करने की संभावना भी तलाशी गयी। इन प्रसिद्ध विशेषज्ञों के सहयोगात्मक प्रयास ने शहरी विकास के आर्थिक पहलुओं पर चर्चा में महत्वपूर्ण योगदान देने का वादा किया।


**उत्तर रेलवे**

आज़ादी का अमृत महोत्सव

**निविदा सूचना**

**इलेक्ट्रॉनिक निविदा ई प्रणाली के अंतर्गत मदों की आपूर्ति हेतु निविदा आमंत्रण**

भारत के राष्ट्रपति की ओर से मुख्य सामग्री प्रबंधक उत्तर रेलवे नई दिल्ली–110001 द्वारा इच्छुक फर्मों से निम्नलिखित मदों के लिये ई–निविदा आमंत्रित की जाती है:–

| क्र. स. | निविदा सं. | संक्षिप्त विवरण | मात्रा | अंतिम तिथि |
|---|---|---|---|---|
| 01 | 83235065A | एनआरसीएच में सर्जरी विभाग के लिए मॉरीसेलेशन के साथ एंडोविज़न (संलग्न विशिष्टता के अनुसार) | 1 | 22.03.2024 |

निविदा शर्तेः 1. विस्तृत जानकारी IREPS वेबसाइट यानी www.ireps.gov.in पर देखी जा सकती है। 2. मैनुअल निविदा स्वीकृत नहीं की जायेगी।

टेंडर नोटिस सं. 83235065A/MED/PART-II दिनांक 01.03.2024 659/24

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ



**उत्तर रेलवे**

आज़ादी का अमृत महोत्सव

**खुली ई–निविदा सूचना**

भारत के राष्ट्रपति की ओर से वरि. मण्डल इंजीनियर–चतुर्थ, उत्तर रेलवे, नई दिल्ली द्वारा निम्न कार्य के लिए ई–टेंडर के माध्यम से निविदाएं आमंत्रित की जाती है।

| | |
|---|---|
| कार्य का नाम | 1. एलिवेटेड रेलवे ट्रैक के समानांतर पुराने रेलवे ट्रैक को तोड़ना, 5 यूनिट स्टाफ क्वार्टर का निर्माण और रोहतक–पानीपत सेक्शन पर एलसी नंबर–1बी के डयूटी हट को स्थानांतरित करना। (निविदा संख्या 69-W-IV-23-24)<br>2. सहायक मंडल अभियंता रोहतक के अधिकार क्षेत्र के तहत रोहतक–पानीपत खंड पर टीआरआर (पी) 1.5 किमी (66.300 से 67.8) हेतु कार्य। (निविदा संख्या 71-W-IV-23-24)<br>3. सहायक मंडल अभियंता रोहतक के अधिकार क्षेत्र के तहत रोहतक–पानीपत खंड पर टीआरआर (पी) 1.2 किमी (67.8 से 69.00) हेतु कार्य। (निविदा संख्या 72-W-IV-23-24)<br>4. सहायक मंडल अभियंता रोहतक के अधिकार क्षेत्र में नांगलोई में गुड्स शेड का विकास हेतु कार्य। (निविदा संख्या 73-W-IV-23-24) |
| अनुमानित लागत | (1) रु.50,55,394.78 (2) रु.41,53,306.73 (3) रु.32,82,984.83 (4) रु.35,63,086.95 |
| धरोहर राशि | (1) रु.1,01,100.00 (2) रु.83,100.00 (3) रु.65,700.00 (4) रु.71,300.00 |
| ई–निविदा खोलने और प्रस्तुत करने के लिए दिनांक और समय | ई–निविदा भरने का समय कार्य 08.03.2024 को 15.00 बजे तक प्रस्तुत करने तथा निविदा खुलने का समय दिनांक 22.03.2024 को 15.00 बजे |
| निविदा की वेबसाइट जहां निविदा प्रपत्र खरीदा जा सकता है | www.ireps.gov.in पर उपलब्ध है |

पत्र संख्या : 128-डब्लू/260/निविदा सूचना/NIT 69,71,72&73-डब्लू-4-23-24

दिनांकः 29.02.2024 653/2024

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ


## दिल्ली वक्फ बोर्ड में भर्ती से जुड़े मनी लाउंड्रिंग मामले में अमानतुल्लाह खान की अग्रिम जमानत याचिका खारिज

**नई दिल्ली, प्रात: किरण संवाददाता**



दिल्ली के राऊज एवेन्यू कोर्ट ने दिल्ली वक्फ बोर्ड की भर्ती में गड़बड़ियों से जुड़े मनी लाउंड्रिंग के मामले में आप विधायक अमानतुल्लाह खान की अग्रिम जमानत याचिका खारिज कर दी है। स्पेशल जज राकेश स्याल ने अग्रिम जमानत याचिका खारिज करने का आदेश दिया। कोर्ट ने 24 फरवरी को फैसला सुरक्षित रख लिया था। सुनवाई के दौरान ईडी ने अमानतुल्लाह खान की अग्रिम जमानत याचिका का विरोध करते हुए कहा था कि अगर उन्हें अग्रिम जमानत दी गई तो वे जांच में सहयोग नहीं करेंगे। ईडी ने कहा था कि अमानतुल्लाह खान ने आपराधिक गतिविधियों से काफी संपत्ति अर्जित की और अपने सहयोगियों के नाम पर अचल संपत्ति खरीदी है। ईडी ने कहा था कि छापे के दौरान कई दस्तावेज और डिजिटल साक्ष्य ऐसे मिले हैं, जिनसे पता चलता है कि वह मनी लाउंड्रिंग के अपराध में लिप्त है। कोर्ट ने 19 फरवरी को ईडी को नोटिस जारी किया था। 19 फरवरी को अमानतुल्लाह खान की ओर से पेश वकील मेनका गुरुस्वामी ने कहा था कि अमानतुल्लाह खान को मनी लाउंड्रिंग के मामले में ईडी की ओर से नोटिस जारी किया गया है। उन्होंने कहा था कि एक ही मामले में दो एफआईआर दर्ज किए गए हैं। सीबीआई ने 23 नवंबर 2026 को पहली एफआईआर दर्ज की थी। आरोप ये है कि अमानतुल्लाह खान को गलत तरीके से दिल्ली वक्फ बोर्ड का चेयरमैन नियुक्त किया गया।

सीबीआई ने इस मामले को ये कहते हुए बंद कर दिया कि ये प्रशासनिक गड़बड़ी है। गुरुस्वामी ने कहा कि ये निर्विवाद कानून है कि एक ही मामले के लिए दो एफआईआर दर्ज नहीं किए जा सकते। उन्होंने कहा था कि दोनों ही मामलों में जमानत के आदेश में साफ कहा गया है कि राजकोष को कोई नुकसान नहीं हुआ। इस मामले में पहले सीबीआई ने केस दर्ज किया था। सीबीआई की ओर से दर्ज केस में आप विधायक अमानतुल्लाह खान समेत 11 आरोपियों के खिलाफ एफआईआर दर्ज किया गया है। सीबीआई ने इस मामले में 23 नवंबर 2016 को एफआईआर दर्ज किया था। जांच के बाद मामले में 21 अगस्त 2022 को चार्जशीट दाखिल किया था। सीबीआई के मुताबिक दिल्ली वक्फ बोर्ड के सीईओ और संविदा पर दूसरी नियुक्तियों में गड़बड़ियां की गईं।

चार्जशीट में कहा गया है कि इन नियुक्तियों के लिए अमानतुल्लाह खान ने महबूब आलम और दूसरे आरोपियों के साथ साजिश रची, जिन्हें वक्फ बोर्ड में विभिन्न पदों पर नियुक्त किया गया था। चार्जशीट के मुताबिक इन नियुक्तियों में मनमानी की गई और अमानतुल्लाह खान और महबूब आलम ने अपने पद का दुरुपयोग किया।

## भाजपा का जहां घर वहीं मकान बनाने का वायदा सरासर झूठ : अरविन्दर सिंह लवली

नई दिल्ली। दिल्ली प्रदेश कांग्रेस कार्यालय में शुक्रवार को आयोजित कार्यकताओं की एक बैठक को समबोधित करते हुए दिल्ली प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष अरविन्दर सिंह लवली ने कहा कि खजूरी खास में डीडीए द्वारा लोगों के घरों को बिना नोटिस दिए ढहाना भाजपा सरकार की अमानवीय कार्यवाही है, कांग्रेस पार्टी इन बेसहारा लोगों के साथ खड़ी है और केन्द्र सरकार के खिलाफ इनको न्याय दिलाने के लिए इनके साथ लड़ाई लड़ेगी। यह परिवार खजूरी खास में 11-12 सालों से यहां रह रहे थे। उन्होंने कहा कि यह दुर्भाग्यपूर्ण है कि रैट माइनर वकील हसन जिसने उत्तरकाशी में दर्जनों लोगों की जान बचाई थी उसे सम्मान देने की जगह केन्द्र सरकार के डीडीए विभाग द्वारा उनके मकान को तोड़ दिया। बैठक में पूर्व विधायक सुरेन्द्र कुमार, निगम के प्रभारी जितेन्द्र कुमार कोचर, हरी किशन जिंदल, राज बहादुर चौहान, अनुज आत्रेय, अनुप शौकीन, राजीव शर्मा, हरनाम सिंह मुख्य रुप से मौजूद थे। इस मौके पर अरविन्दर सिंह लवली ने कहा कि रैट माईनर वकील हसन को केवल दवाब के कारण ही प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत मकान दूर क्षेत्र में दिया गया, जिसको उन्होंने नकार दिया है क्योंकि उनके बच्चे खजूरी खास में पढ़ाई कर रहे है व उनकी जीविका वहीं से चल रही है। इसलिए उनको उनके क्षेत्र में मकान दिया जाए। साथ ही उन्होंने कहा कहा कि केवल एक रैट माईनर को मकान दिया गया है जबकि बाकी हजारों झुग्गी वासियों को पीएम आवास योजना के तहत मकान क्यों नही दिया जिनको डीडीए ने बिना वैकल्पिक स्थान दिए बेघर कर दिया। श्री लवली ने कहा कि पिछले दोनो लोकसभा चुनाव में भाजपा ने अपने चुनाव प्रचार में गरीबों को जहां झुग्गी वहीं मकान की योजना के तहत मकान देने का वायदा किया था जिसको भाजपा की केन्द्र सरकार ने अभी तक नही निभाया। उन्होंने कहा कि खजूरी खास में अनशन पर बैठे लोगों की जहां घर थे वहीं मकान बनाकर देने की मांग का कांग्रेस पार्टी समर्थन करती है क्योंकि कांग्रेस की यूपीए सरकार ने दिल्ली में जहां झुग्गी वहीं मकान की योजना के तहत हजारों झुग्गीवासियों के लिए कालकाजी, कठपुतली कॉलोनी और वजीरपुर में मकान बनाकर देने की योजना की शुरूआत की थी।


**उत्तर रेलवे**

आज़ादी का अमृत महोत्सव

**निविदा सूचना**

भारत के राष्ट्रपति के लिए और उनकी ओर से मुख्य प्रशासनिक अधिकारी/निर्माण, उत्तर रेलवे, कश्मीरी गेट, दिल्ली–6 निम्नलिखित कार्य के लिए दो पैकेट प्रणाली के अंतर्गत ई–निविदा (ई–रिवर्स नीलामी) आमंत्रित करते हैं:–

| | | |
|---|---|---|
| 1. | कार्य का नाम एवं स्थान | तिलक ब्रिज और आनंद विहार रेलवे स्टेशन के बीच तीसरी और चौथी लाइन के संबंध में चैनेज 1300 से 7950 के बीच (पुल सं. 31 और 32–ए तथा मंडावली रेलवे स्टेशन को छोड़कर) भूमिगत कार्य, कटिंग, यांत्रिक संयोजन ब्लैंकेटिंग का प्रावधान, छोटे पुलों का निर्माण, सीआई/डी आई पानी की मैन पाइप लाइन की शिफटिंग, रिटेनिंग बॉल, नाली का निर्माण और अन्य संबद्ध कार्य। |
| 2. | अनुमानित/निदेशात्मक परियोजना लागत | रुपये 14954.75 लाख |
| 3. | कार्य पूरा करने की अवधि | 15 माह |
| 4. | जमा की जाने वाली जमानती राशि | रुपये 76,27,400/- |
| 5. | ई–निविदा प्रस्तुत करने और निविदा खुलने की तिथि और समय | निविदा दस्तावेज 11:30 बजे दिनांक 01.03.2024 से 01.04.2024 तक आईआरईपीएस की वेबसाइट अर्थात् www.ireps.gov.in पर उपलब्ध होंगे। |
| 6. | बोली पूर्व सम्मेलन | मुख्य प्रशासनिक अधिकारी/निर्माण, प्रधान कार्यालय, उत्तर रेलवे, कश्मीरी गेट, दिल्ली में एवं ऑनलाईन के माध्यम से भी दिनांक 08.03.2024 को 11:30 बजे बोली पूर्व सम्मेलन आयोजित किया जाएगा। |
| 7. | निविदा अपलोड करने की अंतिम तिथि/समय | 01.04.2024 को 11:30 बजे तक निविदाकर्ता द्वारा 18.03.2024 से 01.04.2024 तक आईआरईपीएस की वेबसाइट www.ireps.gov.in पर निविदा दस्तावेज अपलोड की जा सकती है। |
| 8. | ई–निविदा खुलने की तिथि एवं समय | 11:30 बजे दिनांक 01.04.2024 को खोली जाएगी। उपरोक्त कार्यालय के नोटिस बोर्ड पर भी विस्तृत सूचना देखी जा सकती है। |

सं0–74–डब्ल्यू/1/2/399/डब्लु.ए./शिवाजी ब्रिज़–I दिनांक–01.03.2024 666/2024

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

# आर्थिक सर्वेक्षण रिपोर्टः दिल्ली सरकार की मुफ्त सेवाओं से बचे पैसे को 38.4 प्रतिशत लोगों ने बचत योजनाओं में लगाया

नई दिल्ली, प्रात: किरण संवाददाता



दिल्ली में आम आदमी पार्टी की सरकार ने विधानसभा में शुक्रवार को आर्थिक सर्वेक्षण रिपोर्ट पेश किया। रिपोर्ट में बताया गया है कि दिल्ली सरकार की ओर से मिली फ्री बिजली, पानी, शिक्षा, चिकित्सा, सफर व अन्य सुविधाओं से लोगों के रुपये बचे हैं। 61.6 प्रतिशत लोगों ने दिल्ली सरकार की मुफ्त सेवाओं से बचे हुए पैसे को खर्च कर दिया। वहीं 38.4 प्रतिशत लोगों ने मुफ्त सेवाओं से बचे हुए पैसे की या तो एफडी करा दी या किसी को उधार दे दिया है। इतना ही नहीं दिल्ली सरकार ने रिपोर्ट में यह भी बताया है कि उनकी किस मुफ्त सेवा से कितने प्रतिशत लोगों को लाभ मिल रहा है।

कर संग्रह में 2022-23 के दौरान हुई 18 प्रतिशत की बढ़ोतरी

आर्थिक सर्वेक्षण रिपोर्ट में दिल्ली सरकार की ओर से कहा गया है कि दिल्ली सरकार मुफ्त बिजली, पानी, स्वास्थ्य सुविधाएं, शिक्षा, महिलाओं के लिए बस यात्रा व बुजुर्गों के लिए तीर्थ यात्रा की सुविधा देती है। इसके बावजूद राजस्व अधिशेष (इकॉनमी सरप्लस) के साथ यह एक बढ़ती अर्थव्यवस्था है। रिपोर्ट में बताया गया है कि दिल्ली के कर संग्रह में 2022-23 के दौरान 18 प्रतिशत की वृद्धि हुई है। 2021-22 में दिल्ली ने 3,270 करोड़ का राजस्व अधिशेष दर्ज किया था जो 2022-23 में बढ़कर 14,457 करोड़ हो गया। दिल्ली सरकार के अर्थशास्त्र और सांख्यिकी विभाग की ओर से कुल 3,450 घरों का सर्वे कर एक रिपोर्ट तैयार की गई है। जिसमें यह बताया गया है कि कितने प्रतिशत लोगों को दिल्ली में किस सुविधा का लाभ मिल रहा है।

बचे पैसों को 50.7 प्रतिशत लोगों ने खानपान पर खर्च किया

आर्थिक सर्वेक्षण रिपोर्ट में दिल्ली सरकार की ओर से बताया गया है कि सरकार की मुफ्त की योजनाओं से जिन लोगों ने पैसे बचाए हैं, उनमें 61.6 प्रतिशत परिवारों ने सभी पैसे खर्च कर दिए। जबकि 38.4 प्रतिशत ने बचत और एफडी में पैसा निवेश किया। वहीं, 7.2 प्रतिशत ने इसे निकट भविष्य में खर्च करने की योजना बनाई है। 2.8 प्रतिशत लोगों ने दोस्तों व करीबियों को अतिरिक्त पैसा उधार दिया है। रिपोर्ट के आंकड़ों पर गौर करें तो सरकार की योजनाओं से बचे हुए पैसे को 50.7 प्रतिशत परिवारों ने भोजन और पेय पदार्थों पर खर्च किया। 13.1 प्रतिशत परिवारों ने शैक्षिक आपूर्ति पर खर्च किया। 10.1 प्रतिशत परिवारों ने चिकित्सा उपचार और दवाओं पर व्यय किया। 7.9 प्रतिशत परिवारों ने कपड़ों और एक्सेसरीज पर खर्च किया। 7.3 प्रतिशत परिवारों ने नए उपकरणों को खरीदने पर खर्च किया। वहीं मनोरंजन के लिए 6.7 प्रतिशत लोगों ने बचा हुआ पैसा व्यय किया।

3,450 घरों के सर्वे के आधार पर बनी रिपोर्ट, कितने प्रतिशत लोगों को किस सुविधा से लाभ मिला

100 प्रतिशत लोग एक वर्ष के दौरान किसी समय मुफ्त बिजली से लाभान्वित हुए।

76.1 प्रतिशत दिल्ली के लोगों को मुफ्त पानी से फायदा हुआ।

64.7 प्रतिशत लोगों को सरकारी अस्पतालों में मुफ्त इलाज मिला।

58 प्रतिशत महिलाओं को मुफ्त बस यात्रा का फायदा मिला।

43.7 प्रतिशत लोगों को निःशुल्क शिक्षा से फायदा हुआ।

# जेएनयू में एबीवीपी और लेफ्ट संगठनों के बीच झड़प, देर रात को इस बात पर छिड़ी थी बहस

नई दिल्ली, प्रात: किरण संवाददाता



जेएनयू में बीती रात एबीवीपी और वामपंथी संगठन के छात्रों के बीच झड़प हुई। यह पूरा वाकया स्कूल ऑफ लैंग्वेज में बृहस्पतिवार देर रात हुई। बताया जा रहा है कि दोनों पक्षों के बीच यह झड़प इलेक्शन कमेटी के सदस्यों के चुनने को लेकर हुआ। यूनिवर्सिटी के एक अधिकारी ने बताया कि कुछ छात्र जो घायल हो गए थे उन्हें सफदरजंग अस्पताल में भर्ती कराया गया है। झड़प में चले डंडे और छात्रों पर फेंकी गई साइकिल इस मामले का एक वीडियो है जिसमें एक शख्स छात्रों को डंडे से पीटता दिख रहा है, जबकि एक अन्य वीडियो में एक शख्स छात्रों पर साइकिल फेंकता दिख रहा है। एक अन्य वीडियो में कुछ छात्र भीड़ द्वारा घेर कर मारे जा रहे हैं, जबकि सिक्योरिटी गार्ड छात्रों को बचाने की कोशिश कर रहा है। एबीवीपी और वामपंथी संगठनों के छात्रों ने एक-दूसरे के खिलाफ पुलिस में शिकायत दी है।

यूनिवर्सिटी की तरफ से इस मामले में अभी तक कोई बयान सामने नहीं आया है, जिसके चलते घायल छात्रों की संख्या की भी पुष्टि नहीं हो सकी है।

चार साल बाद जेएनयू में शुरू हुई चुनाव की तैयारी

इस झड़प के बीच कैंपस में छात्र संघ के चुनाव की तैयारी 4 साल बाद शुरू हो रही है। दोनों ही छात्र संघों के संघर्ष के बाद छात्र संघ के चुनाव की प्रक्रिया शुरू हो पाई है, लेकिन शुरूआत से ही जिस तरह से दोनों दलों के छात्रों के बीच हिंसा की तस्वीर आ रही है इससे साफ है कि कैंपस में शांति के माहौल में चुनाव कराना मुश्किल है।

# दिल्ली में भाजपा के इन चार सांसदों के साथ हो सकता है खेला, इन तीन की दावेदारी लगभग तय



नई दिल्ली, प्रात: किरण संवाददाता

लोकसभा चुनाव के लिए प्रत्याशियों के नाम तय करने के लिए भाजपा केंद्रीय चुनाव समिति की पहली बैठक बृहस्पतिवार देर रात तक चली, जिसमें प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा व गृहमंत्री अमित शाह सहित अन्य नेता शामिल हुए। बैठक में अन्य राज्यों के साथ ही दिल्ली की सभी सात सीटों पर मंथन हुआ। शुक्रवार या फिर अगले एक दो दिनों में प्रत्याशियों के नाम घोषित होने की उम्मीद है। बताया जा रहा है कि सात में से चार सीटों पर इस बार प्रत्याशी बदले जाएंगे। सोमवार से शुरू हुई थी चयन प्रक्रिया प्रत्याशियों के चयन की प्रक्रिया सोमवार को शुरू की गई थी। प्रदेश के पर्यवेक्षक लोकसभा क्षेत्र में जाकर वहां के पदाधिकारियों से बात कर दावेदारों की सूची तैयार कर प्रदेश नेतृत्व को दी। मंगलवार को प्रदेश चुनाव समिति ने उस रिपोर्ट पर चर्चा कर संभावित प्रत्याशियों की सूची बुधवार को केंद्रीय नेतृत्व को सौंप दी थी। उसके बाद बृहस्पतिवार को उस पर केंद्रीय चुनाव समिति ने चर्चा की। दिल्ली की सीटों पर चर्चा के दौरान प्रदेश प्रभारी बैजयंत जय पांडा, अध्यक्ष वीरेंद्र सचदेवा व संगठन महामंत्री पवन राणा उपस्थित थे। सांसदों के कामकाज और जनता के फीडबैक से लिया जा रहा फैसला जानकारी अनुसार सभी सातों सांसदों के कामकाज और कार्यकताओं व जनता के फीडबैक पर चर्चा हुई। आप व कांग्रेस के गठबंधन के बाद राजनीतिक परिस्थितियों लपर भी चर्चा की गई। इन तीन के तीसरी बार चुनाव में उतरने की प्रबल संभावना उत्तर पूर्वी दिल्ली से मनोज तिवारी, दक्षिणी दिल्ली से रमेश बिधूड़ी और पश्चिमी दिल्ली प्रवेश वर्मा को तीसरी बार चुनाव मैदान में उतारे जाने की संभावना है। इन चार सांसदों का कट सकता है टिकट वहीं, केंद्रीय राज्य मंत्री व नई दिल्ली की सांसद मीनाक्षी लेखी, पूर्व केंद्रीय मंत्री व चांदनी चौक के सांसद डा. हर्षवर्धन, पूर्वी दिल्ली के सांसद गौतम गंभीर व उत्तर पशिमी दिल्ली के सांसद हंसराज हंस के की दावेदारी खतरे में पड़ गई है। इनकी जगह नए नेताओं को मैदान में उतारे जाने की बात कही जा रही है। इन नेताओं के नाम आ रहे सामने नई दिल्ली से पूर्व केंद्रीय मंत्री सुषमा स्वराज की पुत्री बांसुरी स्वराज, केंद्रीय मंत्री हरदीप सिंह पुरी की के नाम की चर्चा है। चांदनी चौक से विजय गोयल व रेखा गुप्ता, पूर्वी दिल्ली से प्रदेश अध्यक्ष वीरेंद्र सचदेवा, महामंत्री हर्ष मल्होत्रा और विधायक ओपी शर्मा, उत्तर पश्चिमी दिल्ली से राष्ट्रीय महामंत्री दुष्यंत गौतम व प्रीता हरित के नाम की चर्चा है। इन सीटों पर किसी बाहरी उम्मीदवार को भी उतारा जा सकता है।

# दिल्ली पुलिस ने 3 घंटे में ही बरामद किया महिला का आईफोन

नई दिल्ली। वैसे तो आपराधिक मामलों के बाद अक्सर पुलिस की आलोचनाएं सामने आती हैं लेकिन एक मामले में दिल्ली पुलिस की तत्परता की जमकर तारीफ हो रही है। ताजा वाकया आईफोन गुम होने का है जिसे दिल्ली पुलिस ने महज तीन घंटे के भीतर सुलझा लिया। महिला ने महज तीन घंटे के भीतर अपना आईफोन वापस पाने के लिए दिल्ली पुलिस को धन्यवाद दिया है। सोशल मीडिया यूजर भी दिल्ली पुलिस की तारीफ कर रहे हैं। महिला की पोस्ट पर दिल्ली पुलिस ने अपनी प्रतिक्रिया भी दी है। दिल्ली के मुनिरका में हुई इस वाकए ने तब तूल पकड़ लिया जब महिला एकता ठाकुर ने 1 मार्च को अपने पोस्ट में इसके बारे में बात की। उसने अपनी पोस्ट में हेड कांस्टेबल अजय यादव, अनिल यादव और गजराज राव के साथ एक तस्वीर भी साझा की। एकता ठाकुर ने एक्स पर एक पोस्ट साझा की है जिसमें उन अधिकारियों का आभार व्यक्त किया गया जो उसके खोए हुए फोन का पता लगाने के लिए फौरन कार्रवाई में जुट गए। एकता ठाकुर ने पोस्ट में लिखा- एचसी अजय यादव, अनिल यादव और गजराज राव के प्रति मेरी गहरी कृतज्ञता, जिन्होंने मुनिरका में खोए हुए आईफोन के बारे में तुरंत कार्रवाई की और इसे खोने के 3 घंटे के भीतर बरामद कर लिया। दिल्ली को सुरक्षित रखने में उनकी निरंतर सेवा के लिए मैं गहराई से आभारी हूं। बहुत-बहुत धन्यवाद। जैसे ही पोस्ट ऑनलाइन सामने आई, इसने सोशल मीडिया उपयोगकताओं का ध्यान आकर्षित किया। दिल्ली पुलिस के आधिकारिक अकाउंट ने एकता की पोस्ट को दोबारा शेयर किया और सेवा के लिए सराहना करने पर एकता को धन्यवाद दिया। जिन सोशल मीडिया यूजर्स को यह घटना पता चली सबने दिल्ली पुलिस बल की सराहना की। सनद रहे हाल ही में दिल्ली पुलिस ने एआई का इस्तेमाल कर लूट की कई वारदातों को सुलझाते हुए अपराधियों को पकड़ा था।

# एक करोड़ लेकर पत्नी के संग भागा था शोरूम कैशियर, दिल्ली पुलिस ने राजस्थान में ट्रेन से किया गिरफ्तार

नई दिल्ली, प्रात: किरण संवाददाता



साउथ डिस्ट्रिक्ट के कोटला मुबारकपुर, डिफेंस कॉलोनी और लोधी कॉलोनी थाना की ज्वाइंट पुलिस टीम ने एक करोड़ चोरी के मामले का खुलासा करते हुए मास्टर माइंड शोरूम कैशियर को गिरफ्तार कर लिया। इस मामले में पुलिस ने आरोपी कैशियर की पत्नी को भी गिरफ्तार किया है।

डीसीपी अंकित चौहान के अनुसार 27 फरवरी को वारदात हुई थी। पुलिस को कॉल करके बताया गया था कि साउथ एक्स के एक नामी शोरूम के कैशियर को एक करोड़ रुपए डिफेंस कॉलोनी के बैंक में जमा करने के लिए भेजा गया था। लेकिन ना तो कैश जमा हुआ और ना ही उसका कुछ पता चल रहा। मोबाइल भी उसका स्विच ऑफ आ रहा है। जिसके बाद पुलिस ने मामला दर्ज करके टेक्निकल सर्विलांस और सीसीटीवी फुटेज की मदद से आरोपी का पता लगाना शुरू किया। मामले की गंभीरता को देखते हुए एसीपी राजेंद्र सिंह के नेतृत्व में एक टीम का भी गठन किया गया।

टीम को जांच के दौरान कैश लेकर फरार हुए आरोपी के रूट के बारे में पता चला। जिसके बाद पुलिस ने सरिता विहार और नेहरू प्लेस इलाके में छापा मारा। इस दौरान पुलिस सचिन यादव के बारे में पता लगाने में कामयाब हुई। गिरफ्तार आरोपी से ही फरार आरोपी ऋषभ ने पहले संपर्क किया था। शुरू में उसने तो पुलिस को इधर-उधर घुमाया, बाद में फिर उसने बताया कि ऋषभ अपनी पत्नी को लेकर देहरादून भाग गया है।

पुलिस को पता चला कि आरोपी ऋषभ ने प्रहलादपुर में अपने चाचा के यहां मोटी रकम छोड़ दिया है और ढाई लाख लेकर देहरादून चला गया। पुलिस टीम विश्वकर्मा कॉलोनी पहुंची और वहां से 91 लाख 19,500 बरामद कर लिया। वहीं, जब हिरासत में लिए गए सचिन यादव से इंटरनेट कॉलिंग कराया गया तो पता चला कि ऋषभ देहरादून से गुजरात ट्रेन से जा रहा है। जिसके बाद पुलिस टीम ने राजस्थान के भरतपुर जंक्शन पर उसे दबोच लिया। ऋषभ के पास से 1,26,500 बरामद किए गए। जबकि पत्नी से 1 लाख बरामद किए गए।

इस मामले में पुलिस वारदात में इस्तेमाल स्कूटी को भी जप्त कर लिया है। ऋषभ कुमार बिहार के पूर्णिया का रहने वाला है, लगभग 7 - 8 महीना पहले ही साउथ एक्स के शोरूम पर कैशियर के रूप में काम करना शुरू किया था। इसका दोस्त सचिन हर्बल मेडिसिन सप्लाई का काम करता है। जबकि ऋषभ का चाचा आकाश एक फार्म हाउस में इलेक्ट्रीशियन का काम करता है।

## संक्षिप्त खबरें

### अधेड़ की गला रेतकर हत्या, रंजिश का शक

नई दिल्ली। नरेला इलाके में शुक्रवार को एक अधेड़ की गला रेतकर हत्या कर दी गई। मृतक की पहचान 50 वर्षीय सुखदेव मल्होत्रा के तौर पर हुई है। पुलिस ने मुकदमा दर्ज पोस्टमार्टम के बाद शव परिजनों को सौंप दिया। आपसी रंजिश को लेकर हत्या की आशंका जताई जा रही है। बवाना स्थित हनुमान मंदिर के पास पुलिस को शुक्रवार को खून से लथपथ शव बरामद हुआ था। पुलिस ने जांच शुरू की तो मालूम हुआ कि सुखदेव मल्होत्रा जगतपुरी में प्रॉपर्टी डीलर के तौर पर काम करता था। सुखदेव की हत्या जगतपुरी इलाके में गला रेतकर की गई थी और शव नरेला इलाके में फेंक दिया था। फिलहाल वारदात मे शामिल संदिग्धों की पहचान कर ली गई है।

### हाईकोर्ट ने शराब की दुकान खोलने पर रोक लगाई

नई दिल्ली। दिल्ली उच्च न्यायालय ने शुक्रवार को बी2सी ब्लॉक के आवासीय कल्याण संघ की याचिका पर जनकपुरी में शराब की दुकान खोलने पर रोक लगा दी। आरडब्ल्यूए की याचिका में कहा गया है कि क्षेत्र के कई निवासियों ने दिल्ली सरकार के अरबकरीह विभाग और डीटीटीडीसी (दिल्ली पर्यटन और परिवहन विकास निगम लिमिटेड) के संबंधित कार्यालय से संपर्क किया है। उनसे अनुरोध किया कि संबंधित इलाके में मौजूद शराब की दुकान को ना खोला जाए। याचिका में कहा गया कि शराब की दुकानें न तो दिल्ली आबकारी अधिनियम, 2009 और दिल्ली आबकारी नियम, 2021 के तहत निर्धारित मानदंडों और नियमों के अनुसार हैं। इतना ही नहीं दिल्ली के मास्टर प्लान, 2021 के अनुरूप भी यह दुकान नहीं चलाई जा सकती हैं। न्यायमूर्ति मनमोहन एवं न्यायमूर्ति मनमीत प्रीतम सिंह अरोड़ा की पीठ ने दलीलों पर गौर करते हुए संबंधित शराब की दुकान को खोलने पर रोक लगाने का निर्णय किया। साथ ही पीठ ने इस मामले को विस्तृत सुनवाई के लिए 27 मार्च के लिए सूचीबद्ध किया है। पीठ ने प्रतिवादी राज्य सरकार समेत अन्य विभागों से याचिका पर जवाब देने को कहा है। याचिकाकर्ता आरडब्ल्यूए की तरफ से वकील उज्वल घई पेश हुए। उन्होंने कहा कि सामान्य निवासियों की सुरक्षा और विशेष रूप से यह तथ्य कि उक्त प्रस्तावित शराब की दुकान भारती कॉलेज के बहुत करीब है।

# दिल्ली विश्वविद्यालय में 66वीं पुष्प प्रदर्शनी आयोजित

नई दिल्ली। दिल्ली विश्वविद्यालय के गौतम बुद्ध शताब्दी उद्यान में 66वीं पुष्प प्रदर्शनी का आयोजन शुक्रवार, 01 मार्च को किया गया। इस अवसर पर प्रदर्शनी का शुभारंभ करते हुए दिल्ली विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. योगेश सिंह ने कहा कि फूल जीवन को प्रेरणा देते हैं, लेकिन अगर उनमें खुशबू न हो तो वह अच्छे नहीं लगते। इसी तरह से हमारा जीवन है। हमारे जीवन में अच्छाई, अपनेपन और मूल्यों की खुशबू होती है। लेकिन अगर व्यक्ति के जीवन में अपनापन और दूसरों के लिए अच्छा करने की चाह नहीं होगी और मूल्य नहीं होंगे तो वह जीवन निरर्थक है। इसलिए जैसे फूल खुशबू के साथ अच्छे हैं तो जीवन मूल्यों के साथ अच्छा लगता है। फूल हमें अपनी जिंदगी में यही पाठ पढ़ाते हैं। इस अवसर पर राष्ट्रपति भवन से दिल्ली विश्वविद्यालय की पुष्प प्रदर्शनी में स्टाल लगाने को लेकर भी कुलपति ने खुशी जाहीर की। प्रदर्शनी के थीम स्त्री और प्रकृति संवर्धन-सहकारिता एवं शाश्वत विकास का उत्सव को लेकर कुलपति प्रो. योगेश सिंह ने कहा कि 2024 के लिए यह थीम बहुत ही उपयुक्त है। हाल ही में भारतीय संसद ने महिलाओं के लिए संसद और विधानसभाओं में आरक्षण संबंधी नारी वंदन अधिनियम पास किया है। इस वर्ष नारियल अम्मा को पद्म श्री मिला है। सरकार ऐसे व्यक्तियों को पुरस्कार देकर सम्मानित कर रही है, ताकि लोग उनकी जिंदगी से प्रेरणा लें। इसी तरह से आज इस समारोह में विशिष्ट अतिथि के रूप में मिलेट्स की ब्रांड अंबेसडर सुश्री लहरी बाई और ड्रेगन वुमेन के नाम से विख्यात रीवा सूद को आमंत्रित किया गया है। ये दोनों भी हमारे लिए प्रेरणा स्त्रोत हैं। कुलपति ने कहा कि हमें ऐसे लोगों से प्रेरणा लेनी चाहिए। कुलपति ने कहा कि दिल्ली विश्वविद्यालय में हमने तय किया है कि जीवित फूलों के साथ उत्सव मनाना चाहिए, फूलों को तोड़ कर मारा नहीं जाना चाहिए। इसके लिए समारोहों में स्टेज व अन्य साज-सज्जा के लिए फूलों को तोड़ने की बजाए गमलों के द्वारा सजावट को प्रथमकिता दी जा रही है। इसके साथ ही कुलपति ने कहा कि दिल्ली विश्वविद्यालय में निर्माण कार्यों के दौरान जो वृक्ष बीच में आ रहे हैं उन्हें काटने की बजाए दूसरी जगह लगाने पर काम हो रहा है। उन्होंने कहा कि निर्माण कार्यों और विस्तार कार्यों के लिए वृक्षों को हटाना तो पड़ता है, इसलिए दिल्ली विश्वविद्यालय में उपयुक्त स्थानों की पहचान करके सघन वन लगाने पर भी काम होना चाहिए, ताकि हरियाली कायम रहे। कुलपति ने भारत में फूलों के उत्पादन पर चर्चा करते हुए कहा कि देश में पुष्प उत्पादन में कर्नाटक सबसे आगे हैं जबकि तमिलनाडु, मध्य प्रदेश और पश्चिम बंगाल जैसे प्रदेश भी अग्रिम पंक्ति में हैं। उत्तर भारत में भी फूलों की खेती को अधिक बढ़ावा दिया जाना चाहिए। यह क्षेत्र भी जीडीपी में सराहनीय योगदान कर सकता है। इस अवसर पर नारा लेखन और पुष्प एवं बागवानी से संबंधित प्रतियोगिताओं के विजेताओं को पुरस्कृत भी किया गया। विश्वविद्यालय के कॉलेज में सर्वोत्तम हरित अभ्यास के लिए शताब्दी कप हंसराज कॉलेज को मिला। शो में सर्वाधिक अंक पाने पर कुलपति कप कालीचरण पुरस्कार (7000 रुपये) मिरांडा हाउस को मिला और शो में सर्वाधिक अंक पाने पर दूसरा प्लैटिनम जुबली कप कालीचरण पुरस्कार (5000 रुपये) ग्वायर हॉल को मिला। कुलपति से पहले दिल्ली विश्वविद्यालय एसओएल की निदेशक प्रो. पायल मागो ने भी संबोधित किया। उन्होंने प्रकृति के संरक्षण में महिलाओं के योगदान पर चर्चा करते हुए देश की अनेकों ऐसी महिलाओं के नाम गिनवाए जिन्होंने पहाड़ी और ग्रामीण क्षेत्रों में रहते हुए अपने-अपने क्षेत्र में प्रकृति के संरक्षण में सराहनीय कार्य किया है। उनसे पूर्व पुष्प प्रदर्शनी की चेयर पर्सन प्रो. रजनी अब्बी ने स्वागत भाषण दिया।

### मां को वीडियो कॉल कर युवक ने फंदा लगाया

नई दिल्ली। अपनी शादी से परेशान युवक ने गुरुवार देर रात फंदा लगाकर जान दे दी। 28 वर्षीय चंदन दास ने आत्महत्या से पहले अपनी मां को वीडियो कॉल किया और उसके सामने फंदा लगा लिया। पुलिस को मौके से कोई सुसाइड नोट नहीं मिला है। पुलिस उपायुक्त रोहित मीणा ने बताया कि चंदन दास अपने परिवार के साथ डी-24, हरिजन बस्ती, मसूदपुर में रहता था। वह एक क्लब के एसटीपी प्लांट में ऑपरेटर की नौकरी करता था। गुरुवार देर रात तीन बजे सुरक्षाकर्मी कॉलर ने पुलिस को सूचना दी कि उनके एक कर्मचारी ने आत्महत्या कर ली है। इसके बाद वसंतकुंज नॉर्थ थाना पुलिस मौके पर पहुंची और चंदन को फंदे से उतारकर अस्पताल ले गई, जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर जांच शुरू कर दी है। पुलिस को प्राथमिक जांच में पता चला कि चंदन की ड्यूटी रात आठ से सुबह आठ बजे तक थी। आत्महत्या से पहले उसने अपनी मां को वीडियो कॉल किया था। वीडियो कॉल के बाद उसकी पत्नी और मां क्लब आईं और गार्ड दीपांशु को जानकारी दी।

# भाजपा दिल्ली से लडवा सकती है दो महिलाओं को लोकसभा चुनाव

नई दिल्ली। महिला आरक्षण तथा महिला सशक्तिकरण का दंभ भरने वाली कांग्रेस तथा भारतीय जनता पार्टी लोकसभा चुनाव में महिलाओं की भागीदारी को ले गंभीर दिख रही है। हालंकि कांग्रेस के पास राजधानी दिल्ली में गठबंधन के तहत केवल तीन सीटें ही बची हैं बावजूद इसके पार्टी का राष्ट्रीय नेतृत्व इस बात को ले गंभीर है कि कम से कम एक सीट पर तो महिला को चुनाव लड़ा ही दिया जाए। वहीं सूत्र बताते हैं भारतीय जनता पार्टी देश भर में मैसेज देने के लिए कि भाजपा जो कहती है वो करती है दो महिलाओं को भी चुनावी जंग में उतार सकती है। जहां तक आम आदमी पार्टी का सवाल है उसकी तरफ से चारों सीटों का ऐलान किया जा चुका है और उनकी तरफ से यह गेंद गठबंधन के पाले में डाल दी गई है। कांग्रेस में ज्यादा दावेदार भी नहीं है। हमारी जानकारी के मुताबिक तीन या चार महिलाएं ही दावा जता रही हैं। सबसे मजबूत दावा महिला कांग्रेस की राष्ट्रीय अध्यक्ष अलका लांबा का है उन्हें पार्टी सन्गठन महामंत्री के.सी.वेणुगोपाल सहित कई दिग्गजों को समर्थन हांसिल है। अलका चांदनी चौक से चुनाव लड़ना चाहती हैं वे चांदनी चौक से विधायक भी रह चुकी हैं, युवाओं पर अच्छी पकड़ रखने वाली अलका अभी तक सभी पर भारी पडती दिख रही है। पूर्व सांसद जे.पी.अग्रवाल भी अपने परिवार के लिए इस इस सीट पर मजबूती से जुटे हैं। उत्तर पश्चिमी सीट से पूर्व केन्द्रीय मंत्री कृष्णा तीरथ के साथ-साथ पूर्व छात्र नेता रागनी नायक भी उत्तर पूर्वी दिल्ली से दावा जता रही हैं। सूत्र बताते हैं इन तीनों में से किसी एक का नम्बर लग सकता है। अब जरा भाजपा की बात भी कर ली जाए, भाजपा में एक दर्जन से ज्यादा महिलाएं दावेदार हैं प्रमुख नाम के तौर पर नूपुर शर्मा और बांसुरी स्वराज सामने आ रहे हैं। वैसे मिनाक्षी लेखी भी केंद्र में दिल्ली के खाते से ही मंत्री है लेकिन इस बार उन्हें दिल्ली से बाहर भेजने की चर्चा है।

### स्कूटी चुराने आए बदमाश को पुलिस के हवाले किया

नई दिल्ली। जाफराबाद इलाके में गत शनिवार को स्कूटी चुराने आए चोर को स्थानीय लोगों ने पकड़कर पुलिस को सौंप दिया। हालांकि, उसके दो अन्य साथी मौके से फरार हो गए। पुलिस आरोपी को गिरफ्तार कर उससे पूछताछ कर रही है। मौके से पेंचकस और ताला तोड़ने के अन्य औजारों से भरा बोरा भी बरामद हुआ है। आरोपी की पहचान नासिर के रूप में हुई है। पुलिस अधिकारी ने बताया कि शिकायतकर्ता रहीमुल्लाह जाफराबाद इलाके में परिवार के साथ रहता है। गत शनिवार रात करीब 11:30 बजे नाहर कोठी के पास अपनी स्कूटी खड़ी करके वह अपने दोस्तों के साथ जनता कॉलोनी मार्ग पर गया था। इसी दौरान उसकी मां, बड़े भाई और दोस्त समीर उर्फ फैज की कॉल आई। उन्होंने बात की तो पता चला कि कुछ आरोपियों ने मिलकर उनकी स्कूटी चोरी करने की कोशिश की थी, लेकिन स्थानीय लोगों ने उन्हें पकड़ लिया।

# संदेशखाली कांड के विरोध में दिल्ली के बंगाल भवन पर भाजपा का प्रदर्शन

- सचदेवा ने केजरीवाल की पार्टी के पार्षद अंकुश नारंग पर भी कार्रवाई की मांग की है, जिसने एक नाबालिग बच्ची के साथ अश्लीलता की।

नई दिल्ली, प्रात: किरण संवाददाता



पश्चिम बंगाल के संदेशखाली कांड के विरोध में शुक्रवार को दिल्ली भाजपा ने बंगाल भवन के सामने धरना प्रदर्शन किया। दिल्ली भाजपा अध्यक्ष वीरेन्द्र सचदेवा ने कहा कि आज हम यहां तृणमूल कांग्रेस के नेता शाहजहां शेख के महिलाओं पर अत्याचार एवं हमलों का विरोध कर रहे हैं। जिस तरह ममता बनर्जी अपने नेता शेख को बचा रही हैं, उसी तरह अरविंद केजरीवाल अंकुश नारंग को बचा रहे हैं। सचदेवा ने केजरीवाल की पार्टी के पार्षद अंकुश नारंग पर भी कार्रवाई की मांग की है, जिसने एक नाबालिग बच्ची के साथ अश्लीलता की। उल्लेखनीय है कि संदेशखाली कांड के मास्टरमाइंड शाहजहां शेख को पुलिस ने बुधवार रात 55 दिन के बाद गिरफ्तार किया। उस पर महिलाओं के यौन शोषण और लोगों की जमीन कब्जाने का आरोप है। गिरफ्तारी के बाद तृणमूल कांग्रेस ने शेख को पार्टी से छह साल के लिए निष्कासित कर दिया।

प्रदर्शन में शामिल दिल्ली बीजेपी सचिव बांसुरी स्वराज ने कहा, उनकी पार्टी केवल पीड़ित महिलाओं की रक्षा करने और उनकी आवाज उठाने की कोशिश कर रही है। तृणमूल कांग्रेस के स्थानीय नेता शाहजहां शेख को 6 साल के लिए निष्कासित कर मुख्यमंत्री ममता बनर्जी द्वारा बचाया जा रहा है। संदेशखाली के लोग जिन मांगों को लेकर आंदोलन कर रहे हैं। उस पर ध्यान देना चाहिए

बांसुरी स्वराज ने कहा, हम मांग करते हैं कि मुख्यमंत्री तुरंत इस्तीफा दे. आज इंडिया गठबंधन के सभी साथी इस पूरे मामले पर चुप्पी साधे हुए हैं। इन लोगों को सिर्फ भ्रष्टाचार करने को लेकर गठबंधन हुआ है। इसलिए यह लोग चुप हैं। महिलाओं के साथ किस तरह के हालात बंगाल में बने हुए हैं। इस पर किसी भी इंडिया अलायंस के साथी खुलकर बात नहीं करतें.

दूसरी तरफ दिल्ली बीजेपी प्रदेश अध्यक्ष वीरेंद्र सचदेवा ने कहा, ह्लजिस प्रकार बंगाल में इस तरह की घटना हुई है इस तरह देश की राजधानी दिल्ली में भी आम आदमी पार्टी के नेता इस तरह की घटना में सम्मिलित है। ताजा मामला आम आदमी पार्टी के पार्षद से जुड़ा है। जहां किस तरह से पोक्सो एक्ट के तहत आम आदमी पार्टी के पार्षद पर मुकदमा दर्ज हुआ है। लेकिन हैरानी की बात है मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल के मुंह से एक शब्द तक नहीं निकला है। प्रदर्शन में प्रदेश महामंत्री कमलजीत सहरावत, हर्ष मल्होत्रा व योगेंद्र चांदोलिया, योगिता सिंह, लता गुप्ता, बांसुरी स्वराज, प्रवीण शंकर कपूर, ऋचा पांडेय मिश्रा, नीरज तिवारी, सागर त्यागी, विक्रम मित्तल, अनीस अब्बासी, मोहनलाल गिहारा, सीएल मीणा, प्रियल भारद्वाज आदि उपस्थित थे।

# शालीमार गार्डन की कॉलोनी में पिटबुल ने बच्ची पर किया हमला, हालत नाजुक

नई दिल्ली, प्रात: किरण संवाददाता



शालीमार गार्डन की डीएलएफ कॉलोनी में 10 वर्षीय बच्ची को पिटबुल नस्ल के कुत्ते ने 10 मिनट तक नोचा। कुत्ते ने उसके गाल, नाक, बगल, पेट, प्राइवेट पार्ट सहित शरीर के अन्य हिस्से से मांस नोच लिया। बच्ची को वैशाली के मैक्स सुपर स्पेशलिटी अस्पताल में भर्ती कराया गया है। बृहस्पतिवार देर रात तक बच्ची को खून चढ़ाने के साथ उसकी सर्जरी चल रही थी।

10 मिनट तक बच्ची को नोचता रहा शालीमार गार्डन क्षेत्र डीएलएफ बी सात में नाज मोहम्मद परिवार के साथ रहते हैं। उनके पड़ोस में अमर सिंह रहते हैं। अमर सिंह ने पिटबुल कुत्ता पाल रखा है। नाज मोहम्मद की 10 वर्षीय बेटी आलिया नाज बुधवार शाम 6:30 बजे अमर सिंह के घर गई थी। वह अमर सिंह की बेटी मानवी से मिलने गई थी। इस दौरान कुत्ते ने आलिया पर हमला कर दिया। घर में अन्य लोग मकान की छत और बाहर थे। इस दौरान कुत्ता 10 मिनट तक आलिया को नोचता रहा। बच्ची के चिल्लाने की आवाज सुनकर एक बुजुर्ग डंडा लेकर मौके पर पहुंचे। उन्होंने कुत्ते को कई डंडे मारे। मुश्किल से बुजुर्ग ने डंडे से डराकर बच्ची को कुत्ते से छुड़ाया। स्वजन बच्ची को दिल्ली के जीटीबी अस्पताल ले गए। जीटीबी में वह एक दिन भर्ती रही लेकिन उसका रक्तस्त्राव बंद नहीं हुआ।

जिसके बाद जीटीबी अस्पताल के डाक्टरों ने बच्ची को दूसरे अस्पताल ले जाने की सलाह दी। इसके बाद स्वजन बच्ची को दो अन्य निजी अस्पताल में ले गए लेकिन उन्होंने भी बच्ची की हालत को नाजुक देखते हुए हाथ खड़े कर दिए। बृहस्पतिवार शाम को वह बच्ची को वैशाली स्थित मैक्स सुपर स्पेशलिटी अस्पताल ले गए। वहां डाक्टरों ने तुरंत उसका उपचार शुरू किया। आपरेशन थियेटर के बाहर स्वजन रोते-बिलखते रहे।

बुजुर्ग नहीं आते तो कुत्ता ले लेता जान बच्ची को बचाने के लिए बुजुर्ग मौके पर नहीं जाते तो कुत्ता उसकी जान ले सकता था। बच्ची पूरी तरह खून में लथपथ हो गई थी। फर्श पड़ी बच्ची चिल्ला रही थी। वह बार-बार बचाने की आवाज लगा रही थी। हालांकि कुत्ता मालिक की अमर सिंह की बेटी 10 वर्षीय मानवी उसकी दोस्त है। वह उसी के पास गई थी।

पुलिस से की शिकायत

बच्ची की बड़ी बहन सानिया ने बताया कि कुत्ते ने हमला किया तो उसकी बहन की चिल्लाने की आवाज बाहर तक आ रही थी लेकिन छत से परिवार के अन्य सदस्यों ने उसे नीचे देखने नहीं आए। वह खुद भी कुत्ते से डर रहे थे। उन्होंने डीएलएफ पुलिस चौकी में कुत्ता मालिक के खिलाफ तहरीर दी है। अभी तक इस मामले में रिपोर्ट दर्ज नहीं हुई है। पिटबुल कुत्ते पर नगर निगम ने रोक लगा रखी है। नियमों का उल्लंघन कर कुत्ता पाल रखा था। इससे पहले भी तीन बार यह कुत्ता लोगों को काट चुका है।

## संक्षिप्त खबरें

### चलती ई रिक्शा में बैठक युवक के हाथ से मोबाइल छीना

ई रिक्शा से घर जा रहे युवक से बाइक सवार बदमाशों ने मोबाइल छीन लिया। इस छीनाझपटी में युवक ई-रिक्शा से गिर गया। एक स्कूटी सवार ने पीछा कर बदमाशों की बाइक गिरा दी और लोगों ने एक को पकड़ लिया। वहीं, दूसरा भाग गया। सरायनजर अली निवासी कार्तिक शर्मा दिल्ली में नौकरी करते हैं। गुरुवार को एक कार्यक्रम से लौट रहे थे। वह रात करीब 10:30 बजे शहीद स्थल मेट्रो स्टेशन पर उतरे। वहां से ई-रिक्शा से घर जा रहे थे। रोहन मोटर्स कट के पास बाइक सवार दो बदमाशों ने उनके हाथ से मोबाइल छीन लिया और हापुड़ मोड की तरफ भागने लगे। वहीं, पीड़ित चलती ई रिक्शा से नीचे गिर गया। एक स्कूटी सवार ने बदमाशों का पीछा कर बाइक गिरा दी। इसके बाद वहां मौजूद लोगों ने एक पकड़ लिया। आरोप है कि फरार बदमाश के बाद हथियार था, जिसे चलाने की धमकी दे रहा था। पुलिस ने बदमाश और बाइक को कब्जे में ले लिया। पूछताछ में बदमाश ने अपना नाम को कैला भट्ठा निवासी अमन बताया है। फरार साथी का नाम कैलाभट्ठा निवासी सलमान है। एसीपी का कहना है कि फरार बदमाश की तलाश की जा रही है।

### दो घरों से लाखों रुपये के जेवर और नकदी चुराई

साहिबाबाद और खोड़ा में दो मकानों से चोरों ने लाखों रुपये के जेवरात, नकदी और अन्य कीमती सामान चोरी कर लिया। इंदिरापुरम में बुटीक पर लगे एसी चोरों ने पार कर दी। संबंधित थाना पुलिस मामलों की जांच कर रही है। राजबाग कॉलोनी निवासी दिपेश वर्मा ने बताया कि चोरों ने 28 फरवरी को घर से 95 हजार रुपये नकद के अलावा लाखों रुपये के जेवरात और अन्य कीमती सामान चोरी कर लिया। दीपक विहार खोड़ा निवासी सारिक ने चोरी की रिपोर्ट दर्ज कराई है। सारिक ने घटना के संबंध में पुलिस को बताया कि चोरों ने गुरुवार की रात घर में घुसकर लैपटॉप व मोबाइल फोन चोरी कर लिया। घटना रात दो बजे से तीन बजे के बीच हुई। इंदिरापुरम के नीतिखंड-एक में चोरों ने बुटीक पर लगे एसी को चोरी कर लिया। चोरी की घटना सीसीटीवी में कैद हो गई, जिसमें चोर एसी को चोरी करने के बाद ई-रिक्शा में ले जाते हुए दिखाई दिये। इस मामले में विभूति जायसवाल ने चोरी की रिपोर्ट दर्ज कराई है।

### दो कारों के शीशे तोड़कर लैपटॉप और सामान चोरी

दो कारों के शीशे तोड़कर बदमाशों ने लैपटॉप और अन्य सामान चोरी कर लिया। पीड़ितों ने संबंधित थानों में रिपोर्ट दर्ज कराई है। पुलिस चोरों की तलाश में जुटी है। वसुंधरा सेक्टर-16 निवासी यशवंत लाल शर्मा ने बताया कि सेक्टर-15 स्थित श्याम डेयरी गए थे। गाड़ी बाहर खड़ी करने के बाद अंदर चले गए और कुछ देर बाद जब वापस लौटे तो उन्हें बांई तरफ का अगला शीशा टूटा मिला। कार में रखा लैपटॉप, पर्स, हार्ड डिस्क और लंच बॉक्स गायब था। वहीं, पटेलनगर द्वितीय निवासी आकाश ने बताया कि वह रविवार को मैक्स अस्पताल गए थे। इस दौरान उन्होंने अपनी कार अस्पताल के बाहर खड़ी की थी। मरीज के पास से अगले दिन सुबह जब वह अस्पताल से बाहर आए तो पता चला कि चोरों ने कार का शीशा तोड़कर ईसीएम प्लेट चोरी हो चुकी थी। एसीपी इंदिरापुरम स्वतंत्र कुमार सिंह ने बताया कि दोनों मामलो में चोरी की रिपोर्ट दर्ज कर ली गई है और चोरों की तलाश कराई जा रही है। जल्द बदमाशों को गिरफ्तार किया जाएगा।

### दबंगों ने दुकान पर लगाया ताला, रिपोर्ट दर्ज

दबंगों का महिला की दुकान पर कब्जा करने का मामला सामने आया है। पीड़िता ने इस मामले में कोतवाली थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई है। पुलिस के अनुसार, सुंदरपुरी की रहने वाली पूनम रानी ने शिकायत दी है कि उनकी दुकान पर दबंगों ने कब्जा कर लिया है। उन्होंने बताया कि मोहल्ला सराय नेन्ह मल जी रोड पर एक छोटी दुकान 2.47 लाख रुपये में खरीदी है, इसकी उमेश गुप्ता ने रजिस्ट्री भी उनके नाम कर दी है। अब विशाल गुप्ता के सग अन्य लोगों ने दुकान पर कब्जा कर ताला लगा दिया है। साथ ही पति के साथ मारपीट की है।

# पंजाबः कांग्रेस विधायकों ने राज्यपाल के अभिभाषण के दौरान व्यवधान उत्पन्न किया

**चंडीगढ़, एजेंसी**



पंजाब विधानसभा में बजट सत्र के पहले दिन शुक्रवार को कांग्रेस विधायकों ने राज्यपाल बनवारीलाल पुरोहित के अभिभाषण के दौरान प्रदर्शनकारी किसानों के मुद्दे को लेकर नारेबाजी की, जिससे अभिभाषण में व्यवधान उत्पन्न हुआ। पुरोहित ने हंगामे के बीच अपने अभिभाषण की कुछ पंक्तियां पढ़ीं और सदन से कहा कि शेष हिस्से को पढ़ा हुआ माना जाए। जैसे ही राज्यपाल ने अपना अभिभाषण शुरू किया, पंजाब कांग्रेस प्रमुख अमरिंदर सिंह राजा वड़िंग ने किसानों का मुद्दा उठाया और कहा कि प्रदर्शनकारी किसानों और हरियाणा के सुरक्षाकर्मियों के बीच झड़प के दौरान मारे गये शुभकरण सिंह को श्रद्धांजलि दी जानी चाहिए। वड़िंग ने कहा, ह्ययह अच्छा होगा यदि राज्यपाल मृतक युवा किसान को श्रद्धांजलि दें। नेता प्रतिपक्ष प्रताप सिंह बाजवा ने कहा कि हरियाणा ने पंजाब के साथ अपनी सीमाएं बंद कर दी हैं। उन्होंने इस मामले पर पंजाब के राज्यपाल का ध्यान आकृष्ट करते हुए कहा, ह्यआप अपने किसानों की रक्षा करने में सक्षम नहीं रहे हैं। कांग्रेस सदस्यों ने इस बात पर जोर दिया कि पहले किसानों के मुद्दों पर चर्चा की जाए, जिस पर राज्यपाल ने कहा, ह्यमैं विपक्ष के नेता से अनुरोध करूंगा कि आपके पास इन चीजों पर चर्चा के लिए पर्याप्त समय है। एजेंडा और परंपरा के अनुसार, मुझे अभिभाषण देना है, मेरे अभिभाषण के बाद आप कोई भी मुद्दा उठा सकते हैं। पुरोहित ने कहा, ह्यबहुत सारे गंभीर सवाल हो सकते हैं, इससे मैं सहमत हूं, लेकिन यह समय मेरे अभिभाषण का है, आप क्यों बाधा डाल रहे हैं? यह उचित नहीं है, मैं आपसे अनुरोध करता हूं कि यह सदन बहस के लिए है, आपको पर्याप्त समय मिलेगा। विधानसभा अध्यक्ष ने भी कांग्रेस विधायकों से राज्यपाल को अपना अभिभाषण पूरा करने देने का अनुरोध किया। कांग्रेस सदस्य किसानों के मुद्दे पर केंद्र, पंजाब की आम आदमी पार्टी (आप)-नीत सरकार के साथ-साथ हरियाणा सरकार के खिलाफ नारेबाजी करते रहे। उन्होंने प्रदर्शनकारी किसानों के खिलाफ कथित अत्याचार के लिए हरियाणा के गृहमंत्री अनिल विज के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज करने की भी मांग की। इस पर राज्यपाल ने कहा, इस स्थिति में मेरे लिए अभिभाषण देना मुश्किल है। नियमों के मुताबिक, मैं पहली पंक्ति पढ़ रहा हूं। इस भाषण को पढ़ा हुआ माना जा सकता है। प्रदर्शनकारी किसानों के खिलाफ हरियाणा पुलिस की कार्रवाई की निंदा करते हुए, पंजाब के कांग्रेस विधायकों ने हरियाणा के सुरक्षाकर्मियों के साथ झड़प के दौरान किसानों के घायल होने के मामले में भी प्राथमिकी दर्ज करने की मांग की। संयुक्त किसान मोर्चा (गैर-राजनीतिक) और किसान मजदूर मोर्चा फसलों के लिए न्यूनतम समर्थन मूल्य (एमएसपी) की कानूनी गारंटी और कृषि ऋण माफी सहित अपनी मांगों के पक्ष में सरकार पर दबाव बनाने के वास्ते ह्यदिल्ली चलोह्ण मार्च का नेतृत्व कर रहे हैं। खनौरी में 21 फरवरी को किसानों और सुरक्षाकर्मियों के बीच झड़प में बठिंडा के मूल निवासी शुभकरण (21) की मौत हो गई थी और 12 पुलिसकर्मी घायल हो गए थे। यह घटना उस वक्त हुई जब कुछ प्रदर्शनकारी किसान पुलिस की ओर से लगाए गए अवरोधकों की ओर बढ़ने की कोशिश कर रहे थे। शुभकरण का बृहस्पतिवार को पंजाब के बठिंडा जिले में उनके पैतृक स्थान पर अंतिम संस्कार कर दिया गया।

## उत्तर प्रदेश के सहारनपुर में सड़क दुर्घटना में मां और बच्ची की मौत



**सहारनपुर, एजेंसी**

उत्तर प्रदेश के सहारनपुर में एक सड़क दुर्घटना में एक महिला और उसकी नाबालिग बेटी की मौत हो गई जबकि महिला का पति व बेटा हादसे में गंभीर रूप से घायल हो गये। पुलिस के एक अधिकारी ने शुक्रवार को यह जानकारी दी। पुलिस अधीक्षक (ग्रामीण) सागर जैन ने बताया कि जिले के छुटमलपुर कस्बे के रहने वाले इरशाद बृहस्पतिवार रात को अपनी पत्नी, बेटी और दो बच्चों के साथ मोटरसाइकिल पर सवार होकर एक शादी समारोह से घर लौट रहे थे कि दिल्ली-यमुनोत्री राजमार्ग पर एक ट्रक ने उनके वाहन को टक्कर मार दी। अधिकारी ने बताया, ह्यदुर्घटना में पत्नी गुलिस्तां (30) और बेटी अलफिसा (सात) की मौत हो गई जबकि इरशाद और बेटा अरशद (आठ) घायल हो गए। हालांकि उनका दो वर्षीय बेटा असद हादसे में बाल-बाल बच गया। उन्होंने बताया कि शवों को पोस्टमार्टम के लिए भेजकर हादसे की जांच शुरू कर दी गई है। अधिकारी ने बताया कि घायलों को चिकित्सा देखभाल के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया है और पुलिस ट्रक चालक की पहचान कर उसे गिरफ्तार करने का प्रयास कर रही है।

# प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र सहसपुर में हेपेटाइटिस की निशुल्क जांच शिविर का आयोजन

## जांच में हेपेटाइटिस से ग्रस्त आने वाले लोगों का होगा मुफ्त इलाज




**प्रात: किरण संवाददाता**

स्योहारा/सहसपुर। प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र सहसपुर में लगाए गये हैपेटाइटिस जांच कैम्प की भाजपा के सहसपुर मण्डल मंत्री डॉक्टर वेदप्रकाश वालियांन ने फीता काटकर शुरूआत कराई राष्ट्रीय वायरल हेपिटाइटिस नियंत्रण कार्यक्रम (एन.वी.एच.सी.पी.)के अंतर्गत शुक्रवार को आमजन में पीलिया रोग से बचाव के लिए जागरूकता लाने के लिए राष्ट्रीय वायरल हैपेटाइटिस नियंत्रण कार्यक्रम /एन वी एच सी पी के तहत आउट रीच केम्प प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र सहसपुर में इस जांच शिविर का अयोजन किया गया। डॉक्टर वेद प्रकाश ने बताया की सरकार गरीब, वंचितों ,पिछड़ों, दलितों ओर आदिवासियों को बेहतर स्वास्थ्य सेवाए मुहैया कराने को कृत संकल्पित है। इसी के क्रम में ये आउट रीच शिविर हमारे सहसपुर में लगाया जा रहा है। लोगो को इसका लाभ लेना चाहिए। इस दौरान सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र स्योहारा के अधीक्षक और प्रभारी चिकत्सा अधिकारी डॉक्टर बी के स्नेही ने समस्त लोगो को विस्तार से बताया की हैपेटाइटिस भारत में एक गंभीर समस्या है और अधिकांश लोग हेपेटाइटिस सी यानी काला पीलिया से पीड़ित हैं। पीलिया से इलाज परहेज और समुचित आहार से इससे बचा जा सकता है।हेपेटाइटिस से डरें नहीं, समय से इसका इलाज कराने पर ये रोग सही हो जाता है। इसके इलाज ओर जांच की समस्त व्यवस्था बिजनौर हेड क्वार्टर के साथ साथ सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र धामपुर और नहटौर में भी उपलब्ध है।विश्व स्वास्थ्य संगठन (हल्ड) का कहना है कि क्रोनिक हेपेटाइटिस वाले 95 प्रतिशत लोग नहीं जानते कि वे संक्रमित हैं। यह भारत में एक गंभीर समस्या है और अधिकांश लोग हेपेटाइटिस सी से पीड़ित हैं। डा. स्नेही ने बताया कि हेपेटाइटिस से संक्रमित व्यक्ति के लक्षण एनोरेक्सिया, गहरे रंग का मूत्र, भूख न लगना, त्वचा और आंखों का पीला पड़ना, पेट में दर्द, तेजी से वजन कम होना और उल्टी आदि होते हैं। खबर लिखे जाने तक प्राथमिक केंद्र सहसपुर में लगे कैंप में आए 90 लोगो की जांच हो चुकी थी। जिनमे 7 लोगों की रिपोर्ट पॉजिटिव आई है। पॉजिटिव लोगो के ब्लड सेम्पल लेकर जिले पर वायरल लोड की जांच को भेजे जा रहे है। जांच में जिन लोगो पर हेपेटाइटिस पॉजिटिव पाया जाएगा उनका मुफ्त इलाज भी कराया जाएगा।इस मौके पर लगे कैंप में जिले से आये नोडल ऑफिसर डॉक्टर सैय्यद शाकिर अली,डॉक्टर जूही अग्रवाल, देवेंद्र सिंह चौहान, इंदु स्टाफ नर्स, सजौऊदीन ,वीर सिंह सुपरवाइजर, कृपाल सिंह, सेक्टर संयोजक बीजेपी सहसपुर, सकलेंन हैदर, रहीश सिद्दीकी पत्रकार, राशी ऑपरेटर, उमेश कुमार, साबिया ए एन एम,सुनील कुमार, देवेंद्र कुमार एल टी,आदि लोग उपस्थित रहे।

## राजस्थान में आकाशीय बिजली गिरने से दंपति सहित तीन लोगों की मौत



**जयपुर, एजेंसी**

राजस्थान में दो अलग-अलग जगहों पर आकाशीय बिजली की चपेट में आने से तीन लोगों की मौत हो गई और चार लोग झुलस गये। पुलिस ने शुक्रवार को यह जानकारी दी। पुलिस के अनुसार, सवाई माधोपुर के चौथ इलाके में खेत में काम कर रहे दंपति के आकाशीय बिजली की चपेट में आने से मौत हो गई। वहीं बौंली क्षेत्र में भी इस तरह के हादसे में एक युवक मौत हो गई। बरवाड़ा थाने के उपनिरीक्षक योगेन्द्र सिंह ने बताया कि बगीना गांव में खेत में काम कर रहे राजेन्द्र मीणा (30) और उनकी पत्नी जलेबी मीणा (28) की आकाशीय बिजली की चपेट में आने से मौत हो गई। पुलिस के मुताबिक, बौंली जिले के नानतोडी गांव में भी आकाशीय बिजली गिरने से धन्नालाल मीणा नाम के युवक की मौत हो गई। पुलिस ने बताया कि टोंक जिले की पीपलू थाना क्षेत्र में पंचायत समिति कार्यालय पर आकाशीय बिजली गिरने की घटना में चार कर्मचारी बेहोश हो गए। जयपुर के मौसम विज्ञान केन्द्र के प्रभारी राधेश्याम शर्मा ने बताया कि शुक्रवार को एक तीव्र पश्चिम विक्षोभ के प्रभाव से दक्षिण-पश्चिमी राजस्थान व आसपास के क्षेत्र के ऊपर दबाव क्षेत्र बना हुआ है। उन्होंने बताया कि इसके प्रभाव से जोधपुर, बीकानेर, अजमेर, जयपुर, भरतपुर व उदयपुर संभाग के कुछ भागों में गरज के साथ हल्की से मध्यम बारिश, 40 से 50 किलोमीटर प्रति घंटा की रफ्तार से अचानक तेज हवाएं (आंधी) व कहीं-कहीं ओलावृष्टि होने की संभावना है। अधिकारी ने बताया कि शनिवार को भी बीकानेर, अजमेर, उदयपुर, कोटा, जयपुर व भरतपुर संभाग के कुछ भागों में गरज के साथ बारिश, तेज हवाएं व कहीं-कहीं ओलावृष्टि हो सकती है। उन्होंने बताया कि रविवार से मौसम में सुधार होने की उम्मीद है और अगले चार से पांच दिन राज्य के अधिकांश भागों में मौसम शुष्क रहेगा।

## उत्तर प्रदेश के शाहजहांपुर में झोलाछाप डॉक्टर के टीका लगाने के बाद महिला की मौत



**शाहजहांपुर, एजेंसी**

शाहजहांपुर में एक झोलाछाप डॉक्टर द्वारा कथित तौर पर टीका लगाए जाने के बाद एक महिला की मौत हो गई। पुलिस के एक अधिकारी ने शुक्रवार को यह जानकारी दी। अपर पुलिस अधीक्षक (ग्रामीण) मनोज अवस्थी ने बताया कि थाना कलान क्षेत्र के कस्बे की निवासी आसमा (32) को पेट दर्द की शिकायत के चलते परिजन बृहस्पतिवार को स्थानीय क्लीनिक ले गये थे। उन्होंने बताया कि पीड़ित परिवार की शिकायत के अनुसार जब महिला का पेट दर्द कम नहीं हुआ तो झोलाछाप डॉक्टर ने उसे टीका लगा दिया जिसके बाद उसकी हालत और बिगड़ गई तथा कुछ समय बाद उसने दम तोड़ दिया। अवस्थी ने बताया कि पुलिस ने अवनीश तथा उसकी सहयोगी प्रियंका और अजय के खिलाफ भारतीय दंड संहिता की धारा 304ए (लापरवाही से मौत) के तहत मामला दर्ज कर लिया है। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है और जांच जारी है।

## एफआईआर दर्ज होने के बाद यूपी बोर्ड ने पेपर लीक होने से किया इनकार

**प्रयागराज, एजेंसी**

यूपी माध्यमिक शिक्षा बोर्ड ने आगरा के फतेहपुर में प्राथमिकी दर्ज होने के बाद ह्यप्रश्न पत्र लीकह्ण होने की बात से साफ इनकार किया है। दरअसल, बीते दिनों 12वीं का गणित और बॉयलोजी का प्रश्न पत्र लीक हो गया था। अपर मुख्य सचिव (माध्यमिक शिक्षा) दीपक कुमार और यूपी बोर्ड सचिव दिव्यकांत शुक्ला ने कहा, ह्लपरीक्षा शुरू होने के डेढ़ घंटे बाद प्रश्न पत्र वाट्सग्रुप में शेयर किया गया था। पेपर दोपहर 2 बजे शुरू हुआ था और प्रश्न पत्र 3.15 मिनट पर शेयर किया गया। बोर्ड सचिव दिव्यकांत शुक्ला ने कहा, अगर प्रश्न पत्र परीक्षा शुरू होने के डेढ़ घंटे बाद वाट्सएप पर शेयर किया जाता है, तो हम इसे कैसे लीक कह सकते हैं, लेकिन इसके बावजूद हम इस पूरे मामले की जांच कर रहे हैं। दिव्यकांत शुक्ला ने कहा कि संयुक्त शिक्षा निदेशालय के निदेशक मुकेश अग्रवाल ने सूचना दी है कि विनय चौधरी नाम के शख्स ने ह्यऑल प्रिंसपल आगराह्ण के नाम से प्रश्न पत्र वाट्सग्रुप में साझा किए थे। उन्होंने आगे कहा कि चौधरी सहित अन्य आरोपियों के खिलाफ एफआईआर दर्ज कर ली गई है। इससे पहले मुकेश अग्रवाल ने कहा, हमने घटना के बाद एक समिति का गठन किया है और उसके अनुसार ही संबंधित अधिकारियों को इस संबंध में आवश्यक कदम उठाने का निर्देश दिया है। जिन लोगों ने यह कृत्य किया है, उनके खिलाफ कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

# सरकार की शह बिना अवैध खनन असंभवः सैलजा

**चंडीगढ़, एजेंसी**

कांग्रेस की महासचिव व प्रभारी कुमारी सैलजा ने कहा कि प्रत्येक जांच एजेंसी की रिपोर्ट में प्रदेश में बार-बार अवैध खनन का खुलासा हो रहा है और प्रमाण मिलने के बाद भारतीय जनता पार्टी (भाजपा)-जननायक जनता पार्टी(जजपा) गठबंधन सरकार ने एक बार भी खनन माफिया के खिलाफ कार्रवाई नहीं की। सुश्री सैलजा ने शुक्रवार मीडिया को जारी बयान में कहा कि अवैध खनन करने वालों को सरकार में बैठे लोगों की पूरी शह है। अवैध खनन से चरखी दादरी में भूमिगत जल दूषित करने से मानव जीवन के साथ ही जीव-जंतुओं को भी नुकसान पहुंचने की आशंका बनी हुई है।उन्होंने कहा कि टास्क फोर्स की रिपोर्ट से खुलासा होता है कि रामलवास व मानकावास में तीन स्थानों पर नियमों को ताक पर रखते हुए अत्यधिक गहराई तक खनन किया गया है। इससे भूमिगत जल भी बाहर आने लगा है। विस्फोट व खुदाई के चलते भूमिगत जल दूषित हो रहा है। लेकिन, अभी तक सरकार हाथ पर हाथ धरे बैठी है व दोषियों के खिलाफ कोई कार्रवाई भी शुरू नहीं की है। उन्होंने कहा कि यह कोई पहला मौका नहीं है, जब अवैध खनन की पोल खोलती कोई रिपोर्ट आई हो। ऐसी रिपोर्ट बार-बार सामने आती हैं, लेकिन मिलीभगत के कारण गठबंधन सरकार में बैठे लोग इन्हें दबा देते हैं और किसी के भी खिलाफ कोई कार्रवाई नहीं होने देते। सुश्री सैलजा ने कहा कि पिछले साल एनजीटी ने महेंद्रगढ़ व दादरी जिले के क्रेशरों पर 70 करोड़ रुपये से अधिक जुमार्ना लगाया, जबकि सरकार के इशारे पर जिला प्रशासन ने एनजीटी को गलत रिपोर्ट देकर गुमराह किया ताकि अवैध खनन और फिर इसकी क्रशिंग का सिलसिला बिना रोकटोक चलता रहे।

# खुलासाः खुद ही मारी थी मुर्गी फार्म संचालक ने अपने को गोली

## उपचार के दौरान हुई थी मौत, कर्ज बना आत्महत्या का कारण

**प्रात: किरण संवाददाता**



स्योहारा। थाना क्षेत्र के गांव किवाड़ में अज्ञात बदमाशों द्वारा मुर्गी फार्म संचालक के सिर में गोली मारकर हत्या का प्रयास करने के मामले में पुलिस ने अपने द्वारा गहनता से की गई जांच में नया खुलासा किया है। कि मुर्गी फार्म संचालक ने कर्ज से परेशान होकर खुद तमंचे से अपने गोली मारकर हत्या का प्रयास किया था। घटना के छः दिन बाद मुर्गी फार्म संचालक की उपचार के चलते मौत हो गई । हालांकि पुलिस ने उस समय घटी घटना के बाद अज्ञात बदमाशों के विरुद्ध हत्या के प्रयास में मुकदमा दर्ज किया था। 20 फरवरी को क्षेत्र के ग्राम किवाड़ निवासी शमीम उर्फ भूरे (48) पुत्र मेहंदी हसन गांव से बाहर स्थित अपने मुर्गी फार्म पर सो रहा था। शमीम की पत्नि भी खाना देने के बाद घर चली गई थी। उसी रात मुर्गी फार्म पर शमीम खून लतपथ घायल अवस्था में पड़ा हुआ था कि गांव निवासी एक व्यक्ति ने घटना की जानकारी शमीम के परिजनों को दी थी। परिजनों की सूचना पर पुलिस अधिकारी मौके पर पहुंचे तो परिजनों ने अज्ञात बदमाशों द्वारा गोली मारने का आरोप लगाया था। पुलिस ने भी पुत्र जीशान की तहरीर पर अज्ञात बदमाशो के विरुद्ध हत्या का प्रयास का मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी थी। 26 फरवरी को शमीम की उपचार के दौरान मौत हो गई। घटना की उस समय नई जानकारी सामने आई जब बृहस्पतिवार को स्योहारा पुलिस ने अपने द्वारा गहनता से की गई जांच में खुलासा किया है। की शमीम ने कर्ज से परेशान होकर तमंचे से खुद को गोली मारी थी। आरोप है कि घटना के बाद परिजनों ने तमंचे को हटा दिया था। पुलिस के अनुसार परिजनों ने पुलिस को तमंचा भी बरामद करा दिया था।

वर्जन....

मुर्गी फार्म संचालक शमीम उर्फ भूरे के ऊपर काफी कर्जा था जिसको लेकर शमीम परेशान रहता था। कर्ज से आहत शमीम ने तमंचे से खुद को गोली मारकर आत्महत्या का प्रयास किया था। जिसकी उपचार के दौरान मौत हो गई है। परिजनों के द्वारा तमंचा भी बरामद करा दिया गया है।:- सर्वम सिंह, क्षेत्राधिकारी धामपुर

## फर्जी दस्तावेजों के जरिये प्रोजेक्ट में दुकान देने के नाम पर 85 लाख रुपये की धोखाधड़ी

**गाजियाबाद, एजेंसी**

फर्जी दस्तावेजों के जरिये जीडीए से नक्शा स्वीकृत दिखाकर एक परिवार के तीन सदस्यों से 85 लाख रुपये की धोखाधड़ी करने का मामला सामने आया है। आरोप है कि प्रोजेक्ट को अधिकृत बताया गया, जबकि वह अनाधिकृत है। इस मामले में पीड़ित ने दो आरोपियों के खिलाफ कविनगर थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई है। पुलिस के अनुसार, राजनगर के रहने वाले अनिल बंसल ने शिकायत दी है कि वह प्रशांत गर्ग और निशान्त गर्ग को पहले से जानते थे। 25 मार्च 2015 में इन्होंने अपने कुछ सहयोगियों के साथ मिलकर बुलंदशहर औद्योगिक क्षेत्र में एक प्रोजेक्ट के बारे में बताया। साथ ही जीडीए के फर्जी स्वीकृति पत्र, नक्शे आदि दिखाए। आरोपियों ने उनसे इस प्रोजेक्ट में चार दुकान दिलाने के नाम पर 40 हजार रुपये एडवांस ले लिए। जबकि उनके बेटे सचिव बंसल को एक दुकान देने के नाम पर 10 लाख और बेटी स्वाति बंसल के नाम तीन दुकान दिलाने के नाम पर 35 लाख रुपये ले लिए। इसके बाद पीड़ित को बता चला कि यह प्रोजेक्ट अनाधिकृत है, जो अभी तक पूरा नहीं हो सका है। रकम वापस मांगने पर आरोपी नहीं दे रहे हैं। एसीपी का कहना है कि मामले की जांच की जा रही है।

# केरल में छात्र की मौत के मामले में दो और लोग गिरफ्तार

**केरल, एजेंसी**

केरल पशु चिकित्सा एवं पशु विज्ञान विश्वविद्यालय के एक छात्र की हाल में हुई मौत के मामले में शुक्रवार को दो और लोगों को गिरफ्तार किया गया। जिले के एक वरिष्ठ पुलिस अधिकारी ने बताया कि पुलिस के अत्यधिक दबाव के कारण दोनों ने बृहस्पतिवार रात आत्मसमर्पण कर दिया था। उन्होंने बताया कि इनके अलावा एक अन्य आरोपी को कोल्लम जिले से पकड़ा गया था और वह फिलहाल हिरासत में है लेकिन उसकी गिरफ्तारी अभी दर्ज नहीं की गई है। पुलिस ने बताया कि ये तीनों इस मामले के 12 मुख्य आरोपियों में शामिल हैं। पशु चिकित्सा विज्ञान एवं पशुपालन स्नातक के द्वितीय वर्ष के सिद्धार्थन(20) की मौत के मामले में अब तक कुल नौ छात्रों को गिरफ्तार किया गया है। सिद्धार्थन का शव 18 फरवरी को छात्रावास के स्नानघर में लटका हुआ मिला था। राज्य के खाद्य आपूर्ति मंत्री जी आर अनिल ने शुक्रवार को पीड़ित परिवार से मुलाकात की जिसके बाद उन्होंने संवाददाताओं से कहा कि सरकार इस मामले को बहुत गंभीरता से ले रही है और दोषियों के खिलाफ सख्त कानूनी कार्रवाई की जाएगी। मंत्री ने कहा कि मामले की निष्पक्ष जांच होगी और कॉलेज प्राधिकारियों सहित जो भी इसमें शामिल पाया जाएगा उसके खिलाफ उचित कानूनी कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने कहा, यह कोई राजनीतिक मुद्दा नहीं है। अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी (एआईसीसी) के महासचिव के सी वेणुगोपाल और युवा कांग्रेस की राज्य इकाई के अध्यक्ष राहुल ममकूटथिल ने भी पीड़ित के परिवार से मुलाकात की। वेणुगोपाल ने पीड़ित से मुलाकात करने के बाद संवाददाताओं से कहा, यह साफ तौर पर हत्या का मामला है। उन्होंने सवाल किया कि कॉलेज प्राधिकारी ऐसी घटनाओं को रोकने के लिए क्या कर रहे हैं। वेणुगोपाल ने केरल के मुख्यमंत्री पिनराई विजयन परह्ल स्टूडेंट्स फेडरेशन ऑफ इंडिया(एसएफआई) को आपराधिक संगठन में बदलने का भी आरोप लगाया। केरल के मुख्यमंत्री पिनराई विजयन ने राज्य पुलिस प्रमुख को सिद्धार्थन की मौत की जांच के लिए एक विशेष जांच दल (एसआईटी) गठित करने और मामले के आरोपियों के खिलाफ सख्त कानूनी कार्रवाई करने का आदेश दिया था। केरल पशु चिकित्सा एवं पशु विज्ञान विश्वविद्यालय के एक छात्र की हाल में हुई मौत की घटना ने राज्य की राजनीतिक हलचल बढ़ा दी है। कांग्रेस ने सत्तारूढ़ मार्क्सवादी कम्युनिस्ट पार्टी (माकपा) की छात्र शाखा एसएफआई पर युवक की पीट-पीटकर हत्या करने का आरोप लगाया है। पीड़ित के माता-पिता ने दावा किया है कि सिद्धार्थन के कुछ सहपाठियों ने उन्हें बताया कि एसएफआई के कुछ स्थानीय नेताओं और कार्यकर्ताओं ने उसे पीट-पीटकर मार डाला।

## पाकिस्तान के पक्ष में नारेबाजी मामले में फोरेंसिक रिपोर्ट आने पर होगी कार्रवाईः परमेश्वर

**बेंगलुरु, एजेंसी**



कर्नाटक के गृहमंत्री जी परमेश्वर ने शुक्रवार को कहा कि राज्यसभा के लिए निर्वाचित कांग्रेस नेता सैयद नासिर हुसैन के समर्थकों द्वारा कथित रूप से पाकिस्तान समर्थित नारेबाजी करने के सिलसिले में पुलिस अपराध विज्ञान प्रयोगशाला (एफएसएल) की रिपोर्ट का इंतजार कर रही है। उन्होंने कहा कि एक संदिग्ध को पकड़ लिया गया है तथा पुलिसकर्मियों ने उसकी आवाज की रिकार्डिंग ले ली है। विपक्षी दल भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) ने आरोप लगाया कि मंगलवार को राज्यसभा चुनाव में हुसैन के जीत जाने का जश्न मनाते हुए उनके समर्थकों ने पाकिस्तान समर्थित नारेबाजी की थी। इस घटना के कथित वीडियो को टीवी समाचार चैनलों ने दिखाया था और उन्हें सोशल मीडिया पर भी साझा किया गया था। परमेश्वर ने कहा, ह्यह्यएफएसएल रिपोर्ट अभी नहीं आई है। हमने यह रिपोर्ट यथाशीघ्र भेजने को कहा है। एफएसएल को सौंपे गये वीडियो किसी एक चैनल के नहीं हैं। कई क्लीपिंग जुटाये गये हैं और उन्हें एफएसएल को दिया गया है। रिपोर्ट अभी आनी है, हमें रिपोर्ट मिल जाए, फिर हम तत्काल कार्रवाई करेंगे। उन्होंने यहां संवाददाताओं से कहा कि अब तक सात लोगों को बुलाया गया है तथा उनके बयान दर्ज किये गये हैं।

## नाबालिग से दुष्कर्म में दोषी को 25 साल का कठोर कारावास

**गाजियाबाद, एजेंसी**

नाबालिग से दुष्कर्म के दोषी को पॉक्सो अदालत ने 25 वर्ष के कठोर कारावास और 30 हजार रुपये के जुमार्ने की सजा सुनाई है। घटना साहिबाबाद थाना क्षेत्र में सितंबर 2018 को हुई थी। विशेष लोक अभियोजक संजीव बखरवा ने बताया कि थाना साहिबाबाद क्षेत्र में रहने वाली नाबालिग 10 सितंबर 2018 को घर में झाडू लगा रही थी। उसकी मां काम से बाहर गई हुई थीं। इसी दौरान पड़ोस में किराए के कमरे में रहने वाला इसरार उसके घर में घुस गया। इसरार ने नाबालिग के साथ मारपीट की। विरोध पर पर उसका गला दबाकर जान से मारने का प्रयास किया। इसके बाद नाबालिग से दुष्कर्म किया। मां के घर आने पर नाबालिग ने आपबीती बताई। पुलिस ने रिपोर्ट के आधार पर इसरार को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया। पुलिस ने पांच अक्तूबर 2018 को मामले का आरोप पत्र अदालत में पेश किया।

देश दुनिया की ताजा तरीन खबरें पढ़ने के लिए लॉग ऑन करें
@Pratahkiran www.pratahkiran.com
राष्ट्रीय दैनिक प्रातःकिरण
नई दिल्ली, शनिवार, 02 मार्च, 2024





# मैं अपनी असफलता को दिल से लगा लेता हूं

**अभिनेता टाइगर श्रॉफ इन दिनों सुर्खियों में बने हुए हैं। उनकी फिल्म बड़े मियां छोटे मियां रिलीज के लिए तैयार है। हाल ही में, अभिनेता नेहा धूपिया के शो नो फिल्टर नेहा में बतौर गेस्ट नजर आए। वे इस में शो की होस्ट नेहा से अपनी निजी जिंदगी के अलावा अपने करियर के उतार-चढ़ाव के बारे में भी काफी खुल कर बातें करते दिखाई दिए।**

### खुद से करते हैं सवाल

शो नो फिल्टर नेहा के दौरान शो की होस्ट नेहा ने टाइगर से पूछा जब उनकी फिल्में असफल होती है तब वे क्या करते हैं। इस सवाल के जवाब में अभिनेता ने कहा, देखिए मैंने ज्यादतर एक्शन फिल्में ही की है। एक्शन फिल्मों के निर्माण के दौरान एक अभिनेता शारीरिक और मानसिक दोनों तनाव से गुजरता है और जब इतनी मेहनत के बाद भी फिल्में फ्लॉप कर जाती है तब मैं खुद से सवाल करने लगता हूं। मैं सोचने लगता हूं कि क्या मैं एक्शन फिल्मों काबिल हूं या नहीं। मैं अपनी काबिलियत पर सवाल करने लग जाता हूं।

### असफलताओं से नहीं होते परेशान

टाइगर अपनी बात जारी रखते हुए कहते हैं, जब कोई फिल्म रिलीज होती है तब सभी को उम्मीद होती है कि फिल्म हिट करेगी, लेकिन हर बार यह संभव नहीं है। मेरी जब भी कोई फिल्म असफल होती है तो कई बार मैं उस असफलता को दिल पर ले लेता हूं। एक सप्ताह तक मैं फिर उसी उधेड़बुन में लगा रहता हूं, लेकिन उसके बाद मैं उस फेज से निकल जाता हूं और अगली फिल्म पर काम करना शुरू कर देता हूं।

### टाइगर श्रॉफ का वर्क फंट

टाइगर श्रॉफ आने वाले दिनों में फिल्म बड़े मियां छोटे मियां में नजर आने वाले हैं। इस फिल्म में वे पहली बार अक्षय कुमार के साथ एक्शन करते दिखाई देंगे। यह फिल्म इसी साल ईद के मौके पर रिलीज होने जा रही है। इसके अलावा टाइगर रोहित शेट्टी की फिल्म सिंघम अगेन में भी अपने एक्शन का जलवा बिखेरते नजर आएंगे।



# करण रावल की रोमांटिक थ्रिलर में दिखेंगी सोनाक्षी सिन्हा

बॉलीवुड एक्ट्रेस सोनाक्षी सिन्हा करण रावल की आगामी रोमांटिक थ्रिलर में नजर आएंगी, जिसका नाम अब तक जाहिर नहीं किया गया है। इकोलोन प्रोडक्शंस के प्रमुख विशाल राणा फिल्म का प्रबंधन करेंगे। फिल्म के बारे में कहा जा रहा है कि यह एक अनएक्सपेक्टेड टर्न के साथ एक रोमांटिक थ्रिलर है। सोनाक्षी ने कहा, यह इकोलोन प्रोडक्शंस के साथ मेरा पहला प्रोजेक्ट है और मैं हमेशा नई और रोमांचक भूमिकाएं निभाने की तलाश में रहती हूं। यह मेरे लिए एक और अनजान शैली है, इसलिए मैं इस रोमांचक भूमिका में उतरने के लिए बेताब हूँ। फिल्म की शूटिंग जल्द ही शुरू होगी। फिल्म के अन्य विवरण अभी गुप्त हैं। राणा ने बताया - मैं ऐसी अद्भुत टीम के साथ यह यात्रा शुरू करने के लिए रोमांचित हूं। सोनाक्षी और करण जैसी प्रतिभाओं के साथ काम करना वाकई रोमांचक है। मैं स्क्रीन पर हमारे विजन को जीवंत होते देखने के लिए इंतजार नहीं कर सकता। यह एक रोमांचक साहसिक काम की शुरुआत भर है। मैं और इंतजार नहीं कर सकता! करण रावल इससे पहले 2020 में विक्रांत मैसी और नसीरुद्दीन शाह अभिनीत हाफ फुल का निर्देशन कर चुके हैं।



# तापसी पन्नू ने शादी की अफवाहों पर तोड़ी चुप्पी, खुलासे ने किया कन्फ्यूज

तापसी पन्नू को आखिरी बार राजकुमार हिरानी के निर्देशन में बनी फिल्म डंकी से दर्शकों का दिल जीतते देखा गया। इस फिल्म में अभिनेत्री, बॉलीवुड के बादशाह शाहरुख खान के साथ स्क्रीन स्पेस साझा करती नजर आईं। तापसी को आने वाले दिनों में भी कई प्रोजेक्ट में देखा जाना है। इसी बीच वह अपनी निजी जिंदगी को लेकर भी जबरदस्त सुर्खियों में हैं। बीते दिन जानकारी मिली कि अभिनेत्री अपने लॉन्ग टर्म बॉयफ्रेंड मैथियास बोए से शादी करने जा रही हैं। वहीं, दोनों के वेडिंग वेन्यू और शादी की तारीख पर भी कई रिपोर्ट्स वायरल हुईं। अब खुद तापसी ने इन खबरों पर चुप्पी तोड़ते हुए बड़ा खुलासा किया है। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक, तापसी पन्नू और मैथियास बो मार्च महीने में उदयपुर में एक इंटीमेट वेडिंग के दौरान एक-दूजे के हो जाएंगे। दोनों सिख और ईसाई दोनों रीति-रिवाज से शादी के बंधन में बंधेंगे। अभिनेत्री की शादी को लेकर अफवाहों का बाजार गर्म है। इसी बीच तापसी से भी उनकी वेडिंग पर प्रतिक्रिया मांगी गई। हालांकि, उन्होंने इस पर कुछ भी टिप्पणी करने से साफ इनकार कर दिया। तापसी पन्नू ने कहा कि उन्होंने अपनी निजी जिंदगी के बारे में कभी कोई सफाई नहीं दी है और आगे भी नहीं देंगी। एक इंटरव्यू में अभिनेत्री ने कहा, मैंने अपनी निजी जिंदगी को लेकर कभी कोई सफाई नहीं दी है और ना ही कभी दूंगी। मंगलवार, 27 फरवरी को एक मीडिया रिपोर्ट में दावा किया गया कि तापसी और मैथियास मार्च महीने में एक निजी शादी समारोह में हमेशा के लिए एक-दूजे के होने जा रहे हैं। रिपोर्ट के अनुसार, शादी में केवल उनके परिवार के सदस्य और करीबी दोस्त शामिल होंगे और किसी भी बॉलीवुड ए-लिस्टर स्टार को आमंत्रित नहीं किया जाएगा। तापसी और मैथियास कई साल से रिश्ते में हैं, लेकिन दोनों ने इसके बारे में कम ही जानकारी साझा की है। दोनों अपनी निजी जिंदगी को निजी रखना ही पसंद करते हैं।



# बायोपिक शैक - द डाउट में पायल घोष निभाएंगी जीनत अमान का किरदार

एक्ट्रेस पायल घोष अपकमिंग बायोपिक शैक-द डाउट में गुजरे जमाने की सुपरस्टार जीनत अमान की भूमिका निभाएंगी। मशहूर एक्ट्रेस जीनत अमान ने अपने एक्टिंग करियर की शुरुआत 1970 में फिल्म द एविल विदइन से की थी। जीनत अमान को हरे रामा हरे कृष्णा, यादों की बारात, कुर्बानी, दोस्ताना और डॉन जैसी कई अन्य फिल्मों में अपने काम से पहचान मिली। जीनत अमान के किरदार के बारे में बात करते हुए पायल घोष ने कहा, यह मेरे लिए एक बड़ा अवसर है। मैं वास्तव में खुश और भाग्यशाली हूं कि मुझ पर इतना विश्वास किया गया। मैं स्क्रीन पर ऐसे प्रतिष्ठित व्यक्तित्व का किरदार निभा सकती हूं। एक्ट्रेस पायल घोष ने आगे कहा, जीनत अमान एक लीजेंड हैं। स्क्रीन पर उनका किरदार निभाना आज के समय के किसी भी एक्ट्रेस के लिए सबसे बड़े अवसरों में से एक है। मैं बहुत उत्साहित हूं। इस प्रोजेक्ट में अच्छा काम करने के लिए उत्सुक हूं। मैं रोमांचित हूं। मैं अपने प्रशंसकों से बस इतना वादा करना चाहती हूं कि मैं इसके लिए अपना सर्वश्रेष्ठ प्रयास करूंगी। शैक - द डाउट का निर्देशन राजीव चौधरी ने किया है।



# इमोशनल थ्रिलर दो पत्ती के टीजर में काजोल और कृति सेनन आमने-सामने

अपकमिंग फिल्म दो पत्ती में काजोल और कृति एक साथ नजर आने वाली है। फिल्म के टीजर में दोनों एक्ट्रेस का दमदार अभिनय देखने को मिल रहा है। इस इमोशनल थ्रिलर फिल्म का टीजर गुरुवार को मुंबई के बांद्रा इलाके में मेहबूब स्टूडियो में नेटफ्लिक्स के एक इवेंट में जारी किया गया। टीजर की शुरुआत में ऊपर से खूबसूरत मनाली का मंजर है। फिर काजोल को बाइक चलाते दिखाय गया है। वह इसमें एक पुलिसकर्मी की भूमिका निभा रही है। पूरे टीजर में वॉइसओवर में वह जीवन में गलत और सही स्थितियों के बारे में बात करती दिखाई दे रही हैं। हाल ही में राष्ट्रीय फिल्म पुरस्कार पाने वाली एक्ट्रेस कृति सेनन को इसमें ग्लैमरस और ग्रे शेड्स में दिखाया गया है। टीजर से यह पता लगाना मुश्किल है कि फिल्म की कहानी क्या है, लेकिन देखने से यह थ्रिलर मूवी लग रही है। फिल्म के कुछ डायलॉग भी टीजर में हैं। एक में काजोल कहती है, जब सच और सबूत आपस में भिड़ जाए तो क्या करना चहिए। जिस पर कृति सेनन को कहते हुए सुना जा सकता है, वही करना चहिए जो दिल कहे, पर सबसे बड़े घोखे न साला दिल ही देता है। यह फिल्म नेटफ्लिक्स पर आएगी।

# फैबुलस लाइव्स ऑफ बॉलीवुड वाइव्स 3 से डेब्यू करने जा रही हैं रिद्धिमा कपूर

नेटफ्लिक्स का बहुचर्चित शो फैबुलस लाइव्स ऑफ बॉलीवुड वाइव्स अपने नए सीजन को लेकर लौट रहा है। साल 2020 में फैबुलस लाइव्स ऑफ बॉलीवुड वाइव्स की शुरुआत हुई थी। दर्शकों ने इस शो को काफी पसंद भी किया था। काफी लंबे इंतजार के बाद अब शो का नया सीजन आने को तैयार है। निर्देशक करण जौहर ने अपने इंस्टाग्राम हैंडल से शो के तीसरे सीजन के बारे में एक पोस्ट साझा करते हुए फैंस को इसकी जानकारी दी है।

### रणबीर की बहन रिद्धिमा करेंगी डेब्यू

शो फैबुलस लाइव्स ऑफ बॉलीवुड वाइव्स सीजन 3 के पोस्टर को करण जौहर ने साझा किया है। इस पोस्टर की सबसे खास बात यह है कि इसमें रणबीर कपूर की बहन रिद्धिमा कपूर भी नजर आ रही हैं। वे इससे पहले शो फैबुलस लाइव्स 1ह्य बॉलीवुड वाइव्स 3 का हिस्सा नहीं थीं। रिद्धिमा को देखकर शो के लिए दर्शकों का उत्साह दोगुना हो गया है।

### रिद्धिमा हैं ज्वैलरी डिजाइनर

रिद्धिमा कपूर दिवंगत अभिनेता ऋषि कपूर और नीतू कपूर की बेटी हैं। रिद्धिमा पेशे ज्वैलरी डिजाइनर हैं। शो फैबुलस लाइव्स 1ह्य बॉलीवुड वाइव्स 3 में वे महीप कपूर और सीमा खान के साथ नजर आएंगी। इस शो में रिद्धिमा के अलावा पहली बार कल्याणी साहा चावला और शालिनी पासी भी नजर आएंगी। शो के पोस्टर में सभी स्टार की पत्नियां बेहद स्टाइलिश अंदाज में नजर आ रही हैं।

### होगा सात गुणा ड्रामा

करण जौहर ने शो फैबुलस लाइव्स 1ह्य बॉलीवुड वाइव्स 3 के पोस्टर को साझा करते हुए लिखा है, यह ड्रामा अब सात गुणा ज्यादा होगा। ये हसीनाएं खूब सारा मसाला लेकर लेकर आ रही हैं। हो जाइए तैयार एक शानदार शो के लिए। सोशल मीडिया पर करण का यह पोस्ट काफी वायरल हो रहा है। शो के फैंस कमेंट सेक्शन में जाकर शो की रिलीज डेट के बारे में सवाल पूछ रहे हैं। वहीं, अभी शो के मेकर्स ने रिलीज डेट का खुलासा नहीं किया है।





# 'एनिमल पार्क' से पहले ये फिल्म पूरी करेंगे संदीप रेड्डी वंगा

बीते साल की कामयाब फिल्मों में शुमार फिल्म 'सलार पार्ट वन सीजफायर' के अभिनेता प्रभास और फिल्म 'एनिमल' के निर्देशक संदीप रेड्डी वंगा की एक साथ बन रही फिल्म 'स्पिरिट' हॉरर फिल्म नहीं है। मुंबई में फिल्म 'दुकान' का ट्रेलर रिलीज करने आए संदीप ने साफ किया कि वह प्रभास के साथ जो उनकी फिल्म बन रही है, उसका इसके नाम के अनुरूप आत्माओ या भूत-प्रेतों से कोई लेना देना नहीं है। संदीप ने इस मौके पर कहा, 'मेरी ये फिल्म एक पुलिस अधिकारी के जीवन पर आधारित है। ये फिल्म मेरी अब तक की सारी फिल्मों से बिल्कुल अलग है। इसमें मेरा अपनी खास शैली तो होगी लेकिन ऐसा कुछ नहीं होगा जो मेरे चाहने वालों ने मेरी किसी पहले की फिल्म में देखा होगा।'

एक सवाल के जवाब में संदीप ने कहा कि वह प्रभास के साथ फिल्म 'स्पिरिट' बनाने का वादा पहले ही कर चुके हैं और इसके मुताबिक वह पहले प्रभास की फिल्म पूरी करेंगे और इसके बाद रणबीर कपूर के साथ फिल्म 'एनिमल पार्क' पर काम शुरू करेंगे।

संदीप रेड्डी वंगा ने फिल्म 'एनिमल' बनाने वाली कंपनी टी सीरीज के साथ तीन फिल्मों का करार किया है और उनकी ये दोनों फिल्में इसी करार का हिस्सा होंगी। यहां ये भी गौरतलब है कि फिल्म 'एनिमल' दरअसल संदीप ने पहले इसके मूल निर्माता सिने वन स्टूडियोज के मालिक मुराद खेतानी के साथ शुरू की थी। मुराद ही इस फिल्म के लिए रणबीर कपूर को भी लाए थे, लेकिन फिल्म शुरू होने के बाद संदीप और टी सीरीज के मालिक भूषण कुमार की नजदीकियां इतनी बढ़ीं कि कहते हैं संदीप ने मुराद को छोड़ भूषण का हाथ थाम लिया और उनके साथ सिर्फ 'एनिमल' ही नहीं बल्कि 'एनिमल पार्क' और 'स्पिरिट' की भी डील कर ली।

संदीप रेड्डी वंगा ने फिल्म 'एनिमल' में अपने भाई प्रणय रेड्डी वंगा को भूषण कुमार के साथ सह निर्माता बनाया। इस पूरे मामले का खुलासा तब हुआ था जब फिल्म के मूल निर्माता मुराद खेतानी ने फिल्म की कमाई में वाजिब हिस्सा न मिलने पर अदालत में याचिका लगा दी। अपनी याचिका में मुराद ने फिल्म के ओटीटी और अन्य राइट्स बेचने की गुहार लगाई थी। इस बारे में अदालत में सुनवाई के दौरान ही टी सीरीज ने मुराद खेतानी के साथ अदालत के बाहर समझौता कर लिया।




# वर्षों बाद फिर दर्शकों को हंसाएगी रितेश, विवेक और आफताब की तिकड़ी

विवेक ओबेरॉय, रितेश देशमुख और आफताब शिवदासानी की फिल्म मस्ती ने दर्शकों को खूब हंसाया था। इस फ्रेंचाइजी के तीन पार्ट रिलीज होने के बाद आज इसके चौथे पार्ट की घोषणा हुई है। रितेश, विवेक और आफताब की तिकड़ी वर्षों बाद मस्ती 4 के साथ दर्शकों को हंसाते नजर आएंगे। आफताब शिवदासानी ने आज गुरुवार को सोशल मीडिया पर पोस्ट साझा कर फिल्म के चौथे पार्ट की घोषणा की है। आफताब ने अपने इंस्टाग्राम हैंडल पर फिल्म की घोषणा करते हुए दो तस्वीरें साझा की हैं। उन्होंने तस्वीरें साझा कर लिखा, हंसी के ओजी रोलरकोस्टर के लिए कमर कसने का समय आ गया है। मस्ती 4 जल्द ही फ्लोर पर जा रही है। निर्माता ए झुनझुनवाला, एसके अहलूवालिया, इंद्र कुमार, अशोक ठकेरिया और निर्देशक मिलाप जावेरी के साथ हम इस मजोदार यात्रा पर निकलने के लिए तैयार हैं।

फिल्म का निर्देशन मिलाप जावेरी द्वारा किया जाएगा। हालांकि, अभी फिल्म की शूटिंग शेड्यूल के बारे में कोई जानकारी सामने नहीं आई है। मस्ती 4 की घोषणा के बाद फैंस के बीच इस फिल्म को लेकर उत्साह बढ़ गया है। इस फिल्म से जुड़ी ज्यादा जानकारी फिलहाल सामने नहीं आई है।




### न्यूयॉर्क कम्युनिटी बैंक में एक बार फिर संकट ने दी दस्तक

# 20% गिरा शेयर, 1997 के बाद न्यूनतम स्तर पर

**बैंक ने कहा कि उसे सालाना रिजल्ट घोषित करने में होगी देरी**

**नईदिल्ली, एजेंसी।** अमेरिका में एक और बैंक डूबने के कगार पर पहुंच गया है। न्यूयॉर्क कम्युनिटी बैंक के शेयरों में एक बार फिर गिरावट का सिलसिला शुरू हो गया है। इस महीने की शुरुआत में इसमें भारी गिरावट आई थी और बुधवार को भी इसमें 20 फीसदी गिरावट देखने को मिली। इसके साथ ही बैंक के शेयर की कीमत 1997 के बाद सबसे निचले स्तर पर पहुंच गई है। बैंक का कहना है कि उसने कंपनी कंट्रोल में मटीरियल वीकनेस की पहचान की है। इससे पिछली तिमाही में शेयरहोल्डर्स को 2.4 अरब डॉलर का नुकसान हुआ था। इससे बैंक पर एक बार फिर सवाल उठने लगे हैं। बैंक के मैनेजमेंट ने जिन समस्याओं की पहचान की है, वे इंटरनेल लोन रिव्यू से जुड़ी हैं। इसका मतलब है कि बैंक में निगरानी व्यवस्था, रिस्क मैनेजमेंट और मॉनीटरिंग एक्टिविटीज में समस्या है। पिछले साल फेल हुए कई बैंकों में भी इसी तरह की समस्याएं सामने




आई थीं। बैंक ने साथ ही कहा है कि वह इन समस्याओं को दूर करने पर फोकस करेगा। इस कारण उसे अपना सालाना रिजल्ट जारी करने में देरी होगी। इससे निवेशकों में खलबली मची हुई है। इसकी वजह यह है कि पिछले साल फेल हुए फर्स्ट रिपब्लिक बैंक ने भी अपने तिमाही नतीजों को जारी करने में देरी की थी। अमेरिका में करीब एक साल पहले बैंकिंग संकट ने दस्तक दी थी। इसमें तीन बड़े बैंक डूब गए थे। इनमें सिग्नेचर बैंक भी शामिल था। इसे न्यूयॉर्क कम्युनिटी बैंक ने ही खरीदा था। अब यह बैंक अपना वजूद बचाने के लिए जूझ रहा है। मूडीज ने हाल में इस बैंक की क्रेडिट रेटिंग डाउनग्रेड कर दी थी। अच्छी बात यह है कि इसका 60 फीसदी एसेट्स एफडीआईसी इंश्योरेंस में कवर्ड है। सिलिकॉन वैली बैंक के मामले में यह 10 फीसदी था।

**पिछले साल का संकट**

न्यूयॉर्क कम्युनिटी बैंक ने इस महीने की शुरुआत में चौंकाने वाली घोषणा की थी। उसका कहना था कि उसे कमर्शियल रियल एस्टेट मार्केट में भारी घाटा हुआ है। मूडीज के मुताबिक बैंक कई तरह की चुनौतियों से जूझ रहा है और उसके लिए कर्ज का भुगतान मुश्किल हो सकता है। कंपनी को साथ ही लिक्विडिटी की समस्या से भी जूझना पड़ सकता है। बैंक का एक तिहाई डिपॉजिट इंश्योरेंस के दायरे में नहीं है। अगर डिपॉजिटर्स का भरोसा डगमगाता है तो बैंक को फंडिंग और लिक्विडिटी का दबाव झेलना पड़ सकता है। भारी बिकवाली के बीच बैंक ने डिपॉजिटर्स और इन्वेस्टर्स को भरोसा जीतने की कोशिश की है। उसका कहना है कि बैंक के डिपॉजिट में 2023 की अंतिम तिमाही में मामूली तेजी आई है। अमेरिका में पिछले साल तीन बैंक डूब गए थे। यह अमेरिका में एसेट्स के हिसाब से 2008 के बाद सबसे बड़ा बैंकिंग संकट था। साल 2008 में अमेरिका में 25 बैंक डूबे थे जिनका कंबाइंड एसेट 374 अरब डॉलर था। पिछले साल सिलिकॉन वैली बैंक, सिग्नेचर बैंक और फर्स्ट रिपब्लिक बैंक डूब गए थे। साल 2022 में अमेरिकी बैंकों को 620 अरब डॉलर का नुकसान हुआ था।

**संक्षिप्त समाचार**

## एक अप्रैल से बदल जाएंगे बिल पेमेंट के नियम




**नईदिल्ली, एजेंसी।** भारतीय रिजर्व बैंक ने बिल भुगतान की प्रक्रिया को सुव्यवस्थित करने, भागीदारी बढ़ाने और ग्राहक सुरक्षा तय करने के लिए संशोधित मानदंड गुरुवार को जारी किए। केंद्रीय बैंक ने संशोधित भारतीय रिजर्व बैंक (भारत बिल भुगतान प्रणाली) दिशानिर्देश, 2024 जारी किया। पेमेंट सिस्टम में महत्वपूर्ण बदलाव के मद्देनजर मौजूदा नियमों को तर्कसंगत बनाने के लिए यह कदम उठाया गया है। आरबीआई ने कहा कि ये डायरेक्शंस बिल भुगतान की प्रक्रिया को सुव्यवस्थित करने, भागीदारी बढ़ाने और बदलावों के बीच ग्राहक सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए लाए गए हैं। ये दिशानिर्देश एक अप्रैल, 2024 से बैंकों, एनपीसीआई भारत बिलपे लिमिटेड और अन्य नॉन-बैंक पेमेंट सिस्टम प्रणालियों पर लागू होंगे। भारत बिल भुगतान प्रणाली (बीबीपीएस) एक इंटिग्रेटेड बिल पेमेंट प्लेटफॉर्म है, जो यूपीआई, इंटरनेट बैंकिंग, कार्ड, नकद और प्रीपेड भुगतान साधनों का उपयोग करके कई माध्यमों से बिलों का भुगतान करने में सक्षम बनाता है। इन माध्यमों में मोबाइल ऐप, मोबाइल बैंकिंग, जमाकर्ता एजेंट और बैंक शाखाएं शामिल हैं। अपडेटेड रेगुलेशंस के मुताबिक भारत बिल पे सेंट्रल यूनिट इस बारे में नियम-कायदे तय करेगी। साथ ही बीबीपीसी सिस्टम में हिस्सा लेने वाली यूनिट्स के लिए टेक्निकल स्टैंडर्ड्स भी तय करेगा। बिलर्स को बीबीपीएस पर लाने की जिम्मेदारी बिलर ऑपरेटिंग यूनिट की होगी। कस्टमर्स को डिजिटल या फिजिकल इंटरफेस देने की जिम्मेदारी कस्टमर ऑपरेटिंग यूनिट को दी गई है।

## टोयोटा ने फरवरी में अब तक की सर्वाधिक मासिक बिक्री की




**नई दिल्ली, एजेंसी।** वाहन विनिर्माता टोयोटा किर्लोस्कर मोटर ने फरवरी में 25,220 इकाइयों की बिक्री के साथ अब तक की अपनी सबसे अच्छी मासिक थोक बिक्री दर्ज की है। कंपनी ने शुक्रवार को फरवरी के थोक बिक्री आंकड़े जारी करते हुए कहा कि उसकी आपूर्ति पिछले महीने 61 प्रतिशत बढ़कर 25,220 इकाई हो गई। एक साल पहले की समान अवधि में उसने 15,685 वाहनों की बिक्री की थी। कंपनी ने एक बयान में कहा कि पिछले महीने उसकी घरेलू बिक्री 23,300 इकाई रही जबकि उसने 1,920 इकाइयों का निर्यात किया। टोयोटा किर्लोस्कर मोटर के उपाध्यक्ष (बिक्री, सेवा, पुराना वाहन व्यवसाय) साबरी मनोहर ने कहा, हम विभिन्न क्षेत्रों से अच्छी ग्राहक पूछताछ के साथ मांग को बढ़ते हुए देख रहे हैं। खासकर एसयूवी और एमयूवी मॉडलों में ज्यादा मांग आ रही है।

## असम में बनेगा टाटा का सेमीकंडक्टर प्लांट, एक ट्रिलियन डॉलर के मार्केट पर रतन टाटा की नजर

**नईदिल्ली, एजेंसी।** मोदी सरकार ने देश में सेमीकंडक्टर चिप के ईकोसिस्टम को विकसित करने के लिए कई बड़े फैसले लिए हैं। इनमें असम के जगीरोड में टाटा ग्रुप की फैसिलिटी को मंजूरी देना शामिल है। केंद्र सरकार ने असम में 27,000 करोड़ रुपये के निवेश से अत्याधुनिक सेमीकंडक्टर असेंबली और टेस्ट फैसिलिटी बनाने के लिए टाटा इलेक्ट्रॉनिक्स के प्रस्ताव को मंजूरी दी है। यह फैसिलिटी 27,000 से अधिक प्रत्यक्ष और अप्रत्यक्ष रोजगार सृजित करेगी। साथ ही एआई, औद्योगिक और उपभोक्ता इलेक्ट्रॉनिक्स में सेमीकंडक्टर चिप्स की वैश्विक मांग को पूरा करेगी। यह परियोजना भारत सरकार की सेमीकंडक्टर नीति और असम सरकार की इलेक्ट्रॉनिक्स नीति के अनुरूप है, जो पूर्वोत्तर भारत के औद्योगीकरण को पंख लगाएगी। टाटा ग्रुप की होल्डिंग कंपनी टाटा संस की सहायक कंपनी टाटा





इलेक्ट्रॉनिक्स तीन प्रमुख तकनीकों - वायर बॉन्ड, फ्लिप चिप और इंटीग्रेटेड सिस्टम्स पैकेजिंग पर ध्यान केंद्रित करेगी। ये टेक्नोलॉजीज ऑटोमोटिव, कम्यूनिकेशन और नेटवर्क इन्फ्रास्ट्रक्चर में यूज के लिए महत्वपूर्ण हैं। इस फैसिलिटी का उद्देश्य एआई, औद्योगिक और उपभोक्ता इलेक्ट्रॉनिक्स में सेमीकंडक्टर चिप्स की वैश्विक मांग को पूरा करना है। एआई पर आधारित डिजिटाइजेशन के लिए सेमीकंडक्टर्स सबसे अहम बिल्डिंग ब्लॉक है। टाटा ग्रुप ने एक बयान में बताया कि असम में सेमीकंडक्टर फैसलिटी का निर्माण इसी साल शुरू होगा। इसका पहला फेज 2025 के मध्य तक चालू होने की उम्मीद है।

## बाहरी झटकों के बावजूद भारतीय अर्थव्यवस्था ने अच्छा प्रदर्शन किया: एमपीसी सदस्य

**नईदिल्ली, एजेंसी।** आरबीआई की मौद्रिक नीति समिति (एमपीसी) की सदस्य आशिमा गोयल ने शुक्रवार को कहा कि भारतीय अर्थव्यवस्था ने कई बाहरी झटकों के बावजूद अच्छा प्रदर्शन किया है लेकिन इसकी मजबूती बनाए रखने के लिए प्रति-चक्रीय व्यापक आर्थिक नीतिगत उपायों की जरूरत होगी। गोयल ने कहा कि देश में मुद्रास्फीति कम हुई है लेकिन यह अभी भी लक्षित स्तर तक नहीं पहुंच पाई है। उन्होंने कहा, अर्थव्यवस्था के अच्छे प्रदर्शन में भारत की बढ़ती आर्थिक विविधता और झटके को कम करने में नीति की भूमिका रही। इन दोनों कारकों ने कई बाहरी झटकों के बावजूद भारत को अच्छा प्रदर्शन करने में मदद की। रिजर्व



बैंक ने घरेलू खपत में सुधार और निजी पूंजीगत व्यय चक्र में तेजी की वजह से अगले वित्त वर्ष के लिए सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) की वृद्धि दर सात प्रतिशत रहने का अनुमान लगाया है। जानी-मानी अर्थशास्त्री गोयल ने कहा, भू-राजनीतिक स्थिति के नाजुक होने से प्रति-चक्रीय नीति को अर्थव्यवस्था की स्वाभाविक मजबूती में मदद जारी रखनी होगी। उन्होंने कहा कि उच्च वृद्धि और कर उछाल होने से घाटे और ऋण अनुपात को कम करने की गुंजाइश पैदा होती है। हालांकि उन्होंने राजस्व बढ़ने पर अत्यधिक खर्च करने के लोभ से बचने की सलाह देते हुए कहा कि 2000 के दशक के उच्च वृद्धि दौर में यही गलती की गई थी जिससे एक दशक तक व्यापक आर्थिक कमजोरी बनी रही।

गोयल ने कहा, बुरे दौर में खर्च के लायक बने रहने के लिए अच्छे समय में खर्च को प्रति-चक्रीय बनाना, बफर तैयार करना और गुंजाइश रखना बेहतर है। उन्होंने मुद्रास्फीति पर एक सवाल के जवाब में कहा कि स्वीकार्य मुद्रास्फीति और वृद्धि के लिए वास्तविक दरों को आवश्यक स्तरों पर बनाए रखने के लिए दुनिया भर के केंद्रीय बैंकों ब्याज दरों में क्रमिक कटौती करेंगे।

## चालू वित्त वर्ष के पहले नौ माह में देश में एफडीआई प्रवाह में कमी, 13 प्रतिशत घटकर 32 अरब डॉलर पर पहुंचा

**नईदिल्ली, एजेंसी।** देश में प्रत्यक्ष विदेशी निवेश (एफडीआई) का प्रवाह चालू वित्त वर्ष के पहले नौ माह यानी अप्रैल-दिसंबर-2023 में 13 प्रतिशत घटकर 32.03 अरब अमेरिकी डॉलर रह गया है। सरकारी आंकड़ों से यह जानकारी मिली है।

मुख्य रूप से कंप्यूटर हार्डवेयर और सॉफ्टवेयर, दूरसंचार, वाहन और फार्मा क्षेत्रों में कम निवेश के कारण एफडीआई घटा है। पिछले वित्त वर्ष की समान अवधि में देश में 36.74 अरब डॉलर का एफडीआई आया था। हालांकि, चालू वित्त वर्ष की अक्टूबर-दिसंबर तिमाही के दौरान एफडीआई प्रवाह 18 प्रतिशत बढ़कर 11.6 अरब डॉलर रहा है, जो 2022-23 की समान तिमाही के दौरान 9.83 अरब डॉलर था।

उद्योग एवं आंतरिक व्यापार संवर्द्धन विभाग (डीपीआईआईटी) के आंकड़ों के अनुसार, कुल एफडीआई प्रवाह (जिसमें इक्विटी प्रवाह, पुनर्निवेश आय और अन्य पूंजी शामिल है) अप्रैल-दिसंबर, 2022 के 55.27 अरब डॉलर के मुकाबले चालू



वित्त वर्ष के पहले नौ माह में सात प्रतिशत घटकर 51.5 अरब डॉलर रह गया है। चालू वित्त वर्ष के पहले नौ माह में कुछ प्रमुख देशों मसलन सिंगापुर, अमेरिका, ब्रिटेन, साइप्रस और संयुक्त अरब अमीरात (यूएई) से एफडीआई इक्विटी प्रवाह में कमी आई है। अप्रैल-दिसंबर, 2023 के दौरान केमैन आइलैंड और साइप्रस से एफडीआई घटकर क्रमश 21.5 करोड़ डॉलर और 79.6 करोड़ डॉलर रह गया। एक साल पहले समान अवधि में यह आंकड़ा क्रमश 62.4 करोड़ डॉलर और 1.15 अरब डॉलर रहा था।

## एचपी ने भारत में नए ऑफिसजेट प्रो प्रिंटर्स लॉन्च किए

**भोपाल ।** एचपी ने विशेषरूप से भारत में एसएमबी की जरूरतों को ध्यान में रखकर तैयार किए गए ऑफिसजेट प्रो प्रिंटर्स की नई रेंज पेश की है। इस नवीनतम रेंज से अत्याधुनिक एवं सबसे भरोसेमंद, सुविधाजनक और पर्यावरण के अनुकूल प्रिंटिंग सॉल्यूशंस मिलेंगे, जिसका उद्देश्य उद्योगों की उत्पादकता बढ़ाना है। छोटे उद्यमी चाहे घर से, ऑफिस से या क्रिएटिव स्टूडियो से काम करें, उन्हें हर जगह से अपनी उत्पादकता को बेहतर करने में मदद मिलेगी।

एचपी इंडिया के सीनियर डायरेक्टर, प्रिंटिंग सिस्टम्स सुनीश राघवन ने कहा बढ़ते डिजिटलाइजेशन और हाइब्रिड वर्कफोर्स के साथ भारत में एसएमबी तेजी से विकास कर रहे हैं। एचपी छोटे एवं मध्यम उद्यमों के समक्ष आने वाली अलग तरह की चुनौतियों से निपटने और इनोवेशन में उनकी मदद करने के लिए प्रतिबद्ध है। हमारी ऑफिसजेट प्रो सीरीज में ए3 प्रिंटिंग क्षमता, बड़ी टच स्क्रीन,




इंटीग्रेटेड सिक्योरिटी और कनेक्टिविटी जैसे कई फीचर्स हैं, जिन्हें विशेषरूप से भारत में एसएमबी की विविध जरूरतों को ध्यान में रखकर तैयार किया गया है। यह रेंज सुनिश्चित करती है कि सभी एसएमबी और हाइब्रिड वर्कर्स को एक आदर्श प्रिंटर सॉल्यूशन मिले तथा होम ऑफिस या बड़े ऑफिस जैसी किसी भी जगह से काम करते हुए उनकी उत्पादकता बढ़े एवं उनका विकास हो। नई ऑफिसजेट प्रो सीरीज में कई ऐसे फीचर्स है, जो आज के भाग- दौड़ भरे माहौल में आगे बढ़ने के लिए उद्यमों के लिए बहुत जरूरी हैं। इस पोर्टफोलियो में पी3 कलर सपोर्ट के साथ इंडस्ट्री में अपनी तरह के पहले वाइड-फॉर्मेट बिजनेस इंकजेट प्रिंटर्स शामिल हैं, जिनसे प्रिंटिंग एवं स्कैनिंग दोनों में ए3 तक सभी मीडिया साइज में बेहतरीन एवं सटीक कलर रिप्रोडक्शन सुनिश्चित होता है। सीरीज में बड़ी टच स्क्रीन और आधुनिक इंटरफेस की सुविधा दी गई है। साथ ही यूजर्स के अनुभव को प्राथमिकता पर रखा गया है, जिससे व्यवसाय को चलाना सुगम हो जाता है। पर्यावरण को ध्यान में रखते हुए इनमें 45 प्रतिशत तक रीसायकल प्लास्टिक का प्रयोग किया गया है, जो पर्यावरण अनुकूल प्रक्रियाओं को लेकर एचपी की प्रतिबद्धता के अनुरूप है। इसके साथ-साथ एचपी 938/925 ओरिजिनल इंक कार्ट्रिज भी पेश की गई है, जिससे प्रोफेशनल क्वालिटी प्रिंटिंग, सुरक्षा और पर्यावरण अनुकूल भविष्य के लिए ज्यादा रीसाइकिलिंग के साथ उपभोक्ताओं की प्रिंटिंग संबंधी जरूरतें पूरी होंगी।

ऑफिसजेट प्रो सीरीज में क्लाउड सॉल्यूशंस एचपी स्मार्टएप एवं एचपी वुल्फ सिक्योरिटी को सहजता से एकीकृत करते हुए प्रिंटिंग को नई ऊंचाई पर पहुंचाया गया है। इनमें सेल्फ हीलिंग डुअल बैंड वाई-फाई की सुविधा भी दी गई है।

## सस्ता हुआ सोना, चांदी हुई महंगी

**नई दिल्ली, एजेंसी।** शुक्रवार को सोने की कीमतों में गिरावट जबकि चांदी में तेजी देखी जा रही है। मल्टी कमोडिटी एक्सचेंज सोने का वायदा भाव आज गिरावट के साथ 62,535 रुपए पर कारोबार कर रहा है। चांदी के वायदा भाव की शुरुआत आज तेजी के साथ हुई। यह 71,395 रुपए के भाव पर कारोबार कर रही है। अंतरराष्ट्रीय बाजार में सोने के वायदा भाव की शुरुआत सुस्ती के साथ हुई, जबकि चांदी के वायदा भाव पिछले बंद भाव पर खुलने के बाद बढ़ने लगे।



**सोने का वायदा भाव**

सोने का बेंचमार्क अप्रैल कॉन्ट्रैक्ट 62,567 रुपए के भाव पर खुला। पिछला बंद भाव भी यही था। हालांकि खबर लिखे जाने के समय यह 62,535 रुपए के भाव पर कारोबार कर रहा था। इस समय इसने 62,578 रुपए के भाव पर दिन का उच्च स्तर और 62,535 रुपए के भाव पर दिन का निचला स्तर छू लिया। पिछले साल दिसंबर महीने में सोने के वायदा भाव ने 64,063 रुपए प्रति 10 ग्राम के भाव पर सर्वोच्च स्तर छुआ था। चांदी का बेंचमार्क मार्च कॉन्ट्रैक्ट आज 71,346 रुपए के भाव पर खुला। खबर लिखे जाने के समय यह 71,395 रुपए के भाव पर कारोबार कर रहा था।

## अरिहंत कैपिटल ने कैप्टन पाइप्स लिमिटेड पर पॉजिटिव आउटलुक प्लांट विज़िट नोट जारी किया

**नईदिल्ली, एजेंसी।** कैप्टन पाइप्स लिमिटेड पीवीसी पाइप्स उद्योग में अग्रणी कंपनियों में से एक है। अरिहंत कैपिटल ने कैप्टन पाइप्स लिमिटेड पर पॉजिटिव आउटलुकप्लांट विज़िट नोट जारी कियाहै। इस नोट में कंपनी द्वारा किए जाने वाले मजबूत कैपेक्स और आगामी कैपेक्स, साथ ही मार्जिन और सस्टेनेबिलिटी में सुधार के लिए विशेष उत्पाद लाइनों के लिए विशेष बजट के साथ कंपनी के विकास को बढ़ावा देने की उम्मीद है। बिल्डिंग सेक्टर में वृद्धि से समग्र विकास की उम्मीद है। इससे पहले,कैप्टन पाइप्स लिमिटेड के बोर्ड ने 31 दिसंबर 2023 को समाप्त होने वाले तिमाही और नौ महीने के लिए कंपनी के अन-सत्यापित वित्तीय परिणामों को मंजूरी दी। बोर्ड ने वैधानिक मंजूरी के अधीन इक्विटी शेयर्स के राइट्स इश्यू के माध्यम से अधिकतम 50 करोड़ रुपये बढ़ाने की भी मंजूरी दी। इस राइट्स इश्यू के आयोजन के लाभ का उपयोग कंपनी द्वारा तिसरी तिमाही 2024 में घोषित विस्तार के लिए किया जाएगा।

वित्तीय वर्ष 2023 के पहले 9 महीने में 6427.73 लाख से वित्तीय वर्ष 2024 के पहले 9 महीने में 5608.64 लाख की ओर 12.8 प्रतिशत की गिरावट हुई। वित्तीय वर्ष 2023 के पहले 9 महीने में 224.55 लाख से वित्तीय वर्ष 2024 के पहले 9 महीने में 562.11 लाख की ओर 150 प्रतिशत की वृद्धि हुई। ईबीआईटीडीए मार्जिन्स वित्तीय वर्ष 2023 के पहले 9 महीने में 3.49 प्रतिशत से वित्तीय वर्ष 2024 के पहले 9 महीने में 10.02 प्रतिशत की ओर 653 बेस पॉइंट्स से सुधार हुआ। पैट वित्तीय वर्ष 2023 के पहले 9 महीने में 84.98 लाख से वित्तीय वर्ष 2024 के पहले 9 महीने में 307.70 लाख की ओर 262 प्रतिशत की वृद्धि हुई। तीसरी तिमाही वित्तीय वर्ष 24 और वित्तीय वर्ष 24 के पहले 9 महीने की वित्तीय झलकियां प्रस्तुत करते हुए प्रसन्नता हो रही है। ऑपरेशन से आय वित्तीय वर्ष 2023 के पहले 9 महीने में 6427.73 लाख रुपये से वित्तीय वर्ष 2024 के पहले 9 महीने में 5608.64 लाख रुपये से 12.8 प्रतिशत कम हो गई, क्योंकि पीवीसी रेजिन की कीमतों में कटौती ने कुल अदान-प्रदान को प्रभावित किया। कंपनी का ईबीआईटीडीए वित्तीय वर्ष 2023 के पहले 9 महीने में 224.55 लाख रुपये से वित्तीय वर्ष 2024 के पहले 9 महीने में 562.11 लाख रुपये तक 150 प्रतिशत बढ़ गया। ईबीआईटीडीए मार्जिन में भी वित्तीय वर्ष 2023 के पहले 9 महीने में 3.49 प्रतिशत से वित्तीय वर्ष 2024 के पहले 9 महीने में 10.02 प्रतिशत तक 653 बेसिस पॉइंट्स की वृद्धि दिखाई दी। इसके अलावा, टैक्स के बाद लाभ (पैट) 262 प्रतिशत बढ़ गया है।

### बिल गेट्स ने माइक्रोसॉफ्ट के भारत विकास केंद्र का दौरा किया

**नईदिल्ली, एजेंसी।** दिग्गज प्रौद्योगिकी कंपनी माइक्रोसॉफ्ट के सह-संस्थापक बिल गेट्स ने कंपनी के हैदराबाद स्थित भारत विकास केंद्र (आईडीसी) का दौरा कर कृत्रिम मेधा (एआई) से जुड़े अवसरों पर चर्चा की। माइक्रोसॉफ्ट ने बयान में कहा कि गेट्स मंगलवार को आईडीसी के दौरे पर पहुंचे जहां पर उन्होंने भारत के कुछ सबसे प्रतिभाशाली इंजीनियरों को संबोधित किया। माइक्रोसॉफ्ट आईडीसी के प्रबंध निदेशक राजीव कुमार ने कहा कि गेट्स एआई की वजह से भारत में पैदा हो रहे अवसरों को लेकर आशावादी नजरिया रखते हैं। कुमार ने कहा, एआई-संचालित भारत के अवसर पर गेट्स के आशावाद को दोहराते हुए आईडीसी भारत से माइक्रोसॉफ्ट के लिए एआई और क्लाउड से लेकर नवाचार को बढ़ावा देने के लिए उत्साहित है।

